आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹108071/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹131990/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹144080/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 20 जनवरी 2026




### अध्यक्ष पद पर नबीन का निर्विरोध हुआ निर्वाचन, पक्ष में 37 सेट नामांकन पत्र जमा

# नितिन नबीन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, आज संभालेंगे पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नितिन नबीन सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिए गए। नबीन का निर्वाचन निर्विरोध हुआ क्योंकि उनके अलावा किसी अन्य ने अध्यक्ष पद हेतु पर्चा दाखिल नहीं किया था। नामांकन प्रक्रिया के दौरान सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, नितिन गडकरी और दूसरे सीनियर नेता मौजूद रहे।

नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन आज मंगलवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में पदभार ग्रहण करेंगे। भाजपा संगठन पर्व के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण की ओर से जारी बयान में बताया गया कि नितिन नबीन के पक्ष में कुल 37 सेट नामांकन पत्र प्राप्त हुए। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए केवल एक ही नाम नितिन नबीन का प्रस्तावित हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया 36 प्रदेशों में से 30 प्रदेश अध्यक्षों के निर्वाचन संपन्न होने के उपरांत की गई, जो कि न्यूनतम आवश्यक 50 प्रतिशत से अधिक है। गौरतलब है कि बिहार से पांच बार के विधायक रहे 45 वर्षीय नबीन को गत दिसंबर में पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। इससे पहले भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने अपना समर्थन पत्र सौंपानबीन के नामांकन का समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने किया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह के ▶▶|शेष पेज 6 पर




#### सभी नामांकन वैध

नितिन नबीन के समर्थन में कुल 37 सेट नामांकन पत्र दाखिल किए गए। नामांकन पत्रों की जांच की गई, जिसमें सभी वैध पाए गए। अब नितिन के नाम का औपचारिक ऐलान 20 जनवरी को किया जाएगा। राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया 36 में से 30 राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव पूरे होने के बाद शुरू की गई। जो की 50% जरूरी आंकड़े से ज्यादा है।

#### पार्टी के मजबूत संगठनकर्ता

नितिन नबीन बिहार के एक अनुभवी नेता और पार्टी के मजबूत संगठनकर्ता माने जाते हैं। वे बांकीपुर विधानसभा सीट से लगातार पांच बार विधायक चुने जा चुके हैं। इससे पहले वर्ष 2006 में उन्होंने पटना पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से पहली बार बिहार विधानसभा में कदम रखा था।

#### पीएम की मौजूदगी में लेंगे शपथ

पार्टी सूत्रों के अनुसार, नितिन नबीन नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर आज मंगलवार सुबह 11:30 बजे औपचारिक रूप से अध्यक्ष पद की शपथ लेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, निवर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और संगठन मंत्री मौजूद रहेंगे। भाजपा के कार्यकर्ता भी इस मौके पर बड़ी तादाद में मौजूद रहेंगे।




## नितिन नबीन के नाम से छत्तीसगढ़ से भी भरा गया एक नामांकन

■ मुख्यमंत्री साय के साथ भाजपा नेताओं ने राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी को सौंपा नामांकन पत्र

**रायपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में छत्तीसगढ़ की भी अहम भूमिका रही। राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन के नाम से कई राज्यों से नामांकन भरा गया। छत्तीसगढ़ की तरफ से भी एक नामांकन भरा गया। नितिन नबीन प्रदेश के भाजपा प्रभारी भी हैं। उनके नाम से रायपुर से ही नामांकन फार्म भरकर ले जाया गया था। इसमें प्रदेश के 17 राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों ने हस्ताक्षर किए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ ही प्रदेश के राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों और प्रदेश के भाजपा नेताओं ने छत्तीसगढ़ की तरफ से भरा गया नामांकन फार्म राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डा. के लक्ष्मण को सौंपा। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, संतोष पांडेय, विजय बघेल, देवेन्द्र प्रताप सिंह, ▶▶|शेष पेज 6 पर

### टेंडर रेट में इन कंपनियों ने किया था खेल

# 660 करोड़ के सीजीएमएससी घोटाले में तीन और धरे गए



**गिरफ्तार आरोपियों में शशांक चोपड़ा का जीजा भी शामिल**


8.50 के ट्यूब को 2352 रुपए, 5 लाख की सीबीसी मशीन को 25 लाख में खरीदा
दवा निगम में भ्रष्टों का किला ढहा, तत्कालीन जीएम सहित पांच अरेस्ट, सात दिन की रिमांड
हरिभूमि की लंबी मुहिम का असर...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

सीजीएमएससी में 660 करोड़ रुपए के घोटाले में ईओडब्लू ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मोक्षित कार्पोरेशन के सहयोगी कंपनी रिकाड्र्स एंड मेडिकेयर सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को ईओडब्लू ने कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने 27 जनवरी तक पुलिस रिमांड हासिल की है।

ईओडब्लू ने हरियाणा, पंचकुला स्थित रिकाड्र्स एंड मेडिकेयर सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अभिषेक कौशल, रायपुर स्थित श्री शारदा इंडस्ट्रीज के प्रोप्राइटर राकेश जैन, रिकॉर्डर्स एण्ड मेडिकेयर सिस्टम्स के लाइजनर प्रिंस जैन जो शशांक का जीजा है, उसे गिरफ्तार किया है। मोक्षित कार्पोरेशन द्वारा हमर लैब योजना के तहत निःशुल्क डायग्नोस्टिक जांच उपलब्ध कराने जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी सहित अन्य हेल्थ सेंटर में मेडिकल उपकरण एवं रिएजेंट्स की निविदा हासिल ▶▶|शेष पेज 6 पर

#### शशांक की पीआर 23 तक बढ़ी

घोटाले की जांच ईडी भी कर रही है। पिछले दिनों ईडी ने शशांक चोपड़ा को जेल से प्रोटेक्शन वारंट में गिरफ्तार कर पूछताछ करने पुलिस रिमांड हासिल की थी। पुलिस रिमांड समाप्त होने के बाद सोमवार को ईडी ने शशांक को ईडी की स्पेशल कोर्ट में पेश किया। ईडी के आवेदन पर कोर्ट ने शशांक से पूछताछ करने पुलिस रिमांड 23 जनवरी तक बढ़ा दी है।

#### पूर्व में आधा दर्जन लोगों की हो चुकी है गिरफ्तारी

660 करोड़ रुपए के सीजीएमएससी घोटाला में ईओडब्लू ने पिछले वर्ष 28 जनवरी को मोक्षित कार्पोरेशन के अलग-अलग ठिकानों में रेड कार्रवाई की थी। उसी दिन ईओडब्लू ने मोक्षित कार्पोरेशन के संचालक शशांक चोपड़ा को गिरफ्तार किया था। जैसे जैसे मामले की जांच आगे बढ़ी, ईओडब्लू ने घोटाला में शामिल सीजीएमएससी के तत्कालीन महाप्रबंधक बसंत कौशिक, कमलकांत पाटनवार, स्वास्थ्य संचनालय के उप संचालक डॉ. अनिल परसाई, क्षिरौद्र रौतिया तथा दीपक कुमार बांधे को गिरफ्तार किया है।

### खबर संक्षेप

#### शराब 'घोटाले' मामले में सांसद मिथुन तलब



**हैदराबाद।** प्रवर्तन निदेशालय ने वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के सांसद पी वी मिथुन रेड्डी को आंध्र प्रदेश में 3,500 करोड़ रुपए के शराब घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए तलब किया है। ऐसा आरोप है कि यह घोटाला राज्य में पूर्ववर्ती वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की सरकार के दौरान हुआ था। राजमपेट से वाईएसआरसीपी के 48 वर्षीय सांसद को 23 जनवरी को यहां ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। उनका बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दर्ज किया जाएगा।

#### कांगड़ाझील में पक्षियों की दो नई प्रजातियां

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला स्थित पोंग डैम झील में पक्षियों की कम से कम दो नई प्रजातियों का पता चला है। हालांकि, वन्यजीव विभाग द्वारा उक्त पक्षियों की अभी तक पहचान नहीं की गई है। सूचना मिलते ही वन्यजीव विभाग की एक टीम ने पक्षियों की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हर साल सर्दियों के मौसम में, पक्षी विदेशों से पोंग डैम झील आते हैं। जब भी यहां पक्षियों की कोई नई प्रजाति पाई जाती है, तो उसे विभाग के आधिकारिक अभिलेखों में दर्ज किया जाता है। इस वर्ष पोंग डैम पर आने वाले प्रवासी पक्षियों की कुल संख्या इस महीने के अंत तक गणना की जाएगी।

### कटघोरा थाना क्षेत्र का मामला

## महिला से छेड़छाड़, सब इंस्पेक्टर गिरफ्तार, एसपी ने किया सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

कटघोरा थाने में पदस्थ एक सब इंस्पेक्टर पर एक महिला ने छेड़छाड़ का सनसनीखेज आरोप लगाया है जैसे ही महिला ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की पुलिस ने तत्काल सब इंस्पेक्टर के खिलाफ छेड़छाड़ का अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। वहीं प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से सब-इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया है।

यह मामला कटघोरा थाना क्षेत्र का है। पीड़ित महिला ने पुलिस अधिकारियों को लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया कि कटघोरा थाना में पदस्थ सब-इंस्पेक्टर एसके कोसरिया ने महिला के साथ अशोभनीय व्यवहार किया और छेड़छाड़ की। महिला की शिकायत सामने आते ही कटघोरा पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कटघोरा पुलिस ने सब इंस्पेक्टर एसके कोसरिया के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने सब इंस्पेक्टर एसके कोसरिया को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है।

#### किया गया गिरफ्तार

महिला की शिकायत पर पुलिस ने सब इंस्पेक्टर के खिलाफ मामला दर्ज किया है और उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। -धर्मनारायण तिवारी, थाना प्रभारी कटघोरा

#### कुत्ते से बचने ट्रक की चपेट में आए थाना प्रभारी, मौत

**जरहागांव।** राजस्थान और दिल्ली की निजी यात्रा पर गए जरहागांव के थाना प्रभारी की सड़क हादसे में मौत हो गई। राजस्थान के भरतपुर जिले में एक ढाबे के पास अचानक कुत्तों के हमले से बचने की कोशिश में वे ट्रक की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वे मुंगेली जिले के जरहागांव थाना के प्रभारी थे। उनकी पत्नी तखतपुर में शिक्षिका हैं। घटना के बाद से पुलिस महकमे में शोक व्याप्त है। मुंगेली पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने बताया कि थाना प्रभारी नंदलाल पैकरा अपने साथियों के साथ निजी यात्रा पर थे। हादसे की सूचना मिलते ही भरतपुर पुलिस से लगातार संपर्क किया जा रहा है। वर्तमान में शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। मौत की खबर लगते ही पुलिस विभाग एवं जरहागांव क्षेत्र के सभी लोग शोक में डूबे हुए हैं।



### सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को नोटिस

## रूसी महिला, उसके बच्चे का पता लगाने दिए 4 हफ्ते

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को एक रूसी महिला का पता लगाने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है, जो अपने अलग रह रहे भारतीय पति के साथ भरण पोषण को लेकर कटु विवाद के बीच अपने बच्चे के साथ मॉस्को चली गई थी। पीठ ने केंद्र की ओर से पेश हुईं अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी की दलील पर गौर किया कि महिला और बच्चे का पता लगाने गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं।

#### 2019 से भारत में रह रही महिला

महिला वर्ष 2019 से भारत में रह रही थी। यह महिला एक्स-1 वीजा पर आई थी, जिसकी अवधि समाप्त हो चुकी थी। हालांकि, अदालती कार्यवाही के दौरान, शीर्ष अदालत ने समय-समय पर वीजा की अवधि बढ़ाने का निर्देश दिया। पीठ ने भाटी से कहा, हम ऐसा कोई आदेश पारित नहीं करना चाहते जिससे भारत और रूस के बीच संबंध खराब हों। लेकिन यह ऐसा मामला है जिसमें एक बच्चा शामिल है।

# बस हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर पहुंची दस, आज होगा अंतिम संस्कार

एजेंसी ▶▶| अंबिकापुर

हरिभूमि फॉलोअप

छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा पर ओरसा बंगला दारा घाटी में हुई सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 10 पहुंच गई है। अभी भी कई घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना में 78 सवार घायल है जिनमें 10 की हालत गंभीर बनी हुई है। गंभीर रूप से घायल सवारों का इलाज गुमला, रांची में चल रहा है वहीं शहर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल एवं बलरामपुर जिला अस्पताल में भी घायलों को भर्ती किया ▶▶|शेष पेज 6 पर

**झारखंड के तीन समेत 5 अस्पतालों में चल रहा उपचार**



#### साय ने जताई संवेदना, मुआवजे की घोषणा



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए एवं घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री श्री साय ने संबंधित अधिकारियों को घायलों के इलाज की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री ने मृतकों को श्रद्धांजलि दी है तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

#### हादसे में इनकी हुई मौत

दुर्घटना में अब तक गंभीर रूप से घायल 10 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में 7 लोग ग्राम पीपरसोत के है जबकि दो महाराजगंज एवं एक बलरामपुर के है। दुर्घटना में ग्राम पीपरसोत निवासी प्रेमा देवी पति स्व. चरह चेरवा, सीता पति देवी पति बिगा राम, रेशंती चेरवा पति विनोद राम, सुखना भुईयां आ.सपता, विजय नगेशिया आ. कुंता नगेशिया, रमेश पनिका आ. करीमन पनिका, महराजगंज निवासी लीलावती सोनवानी, टांगरमहरी निवासी नाथू राम आ. दशरथ राम व बलरामपुर निवासी सोनामति पति बाबूलाल, परशुराम सोनवानी आ. टूना राम शामिल है।

### प्रोटोकॉल तोड़ पीएम मोदी ने राष्ट्रपति को किया रिसीव

# दो घंटे के लिए यूएई से आया 'खास दोस्त'!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान एक दिन की आधिकारिक भारत यात्रा पर सोमवार शाम नई दिल्ली पहुंचे। दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर यूएई के राष्ट्रपति का विमान उतरा, जहां पर उनका स्वागत करने के लिए खुद पीएम नरेंद्र मोदी पहुंचे। इसके बाद पीएम मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और उनके परिवार का लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर स्वागत किया। पीएम मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति को एक रॉयल नक्काशीदार लकड़ी का झूला गिफ्ट किया।

#### ऊर्जा आपूर्ति को लेकर मजबूत साझेदारी

- दोनों देशों के बीच लंबे समय से ऊर्जा आपूर्ति को लेकर मजबूत साझेदारी है। साथ ही, लोकल करेंसी सेटलमेंट सिस्टम और बाइलेटरल इन्वेस्टमेंट ट्रीटी ने आर्थिक रिश्तों को और मजबूती दी है।
- यह दौरा भारत-यूएई कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को और आगे बढ़ाने तथा आपसी हितों से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर सहयोग के नए रास्ते खोलने का अवसर देगा।



#### पीएम ने किया पोस्ट, मैं अपने भाई का स्वागत करने आया

पीएम मोदी ने अपने पोस्ट में लिखा कि मैं अपने भाई, संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट गया। उनकी यह यात्रा भारत और यूएई के बीच दोस्ती के मजबूत रिश्तों को जो महत्व वह देते हैं, उसे दिखाती है।

#### 3 घंटे, 5 समझौते और 7 बड़े ऐलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नहयान के बीच दिल्ली में हुई द्विपक्षीय वार्ता में दोनों देशों ने रणनीतिक रक्षा साझेदारी, अंतरिक्ष बुनियादी ढांचे और ऊर्जा सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग के लिए कई अहम दस्तावेजों और समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने भारत-यूएई शिखर सम्मेलन को छोटा लेकिन बेहद ठोस दौरा बताया है। तीन घंटे के दौरे में 5 समझौते हुए और सात बड़े ऐलान किए गए। दोनों नेताओं के बीच वार्ता के दौरान दोनों देशों ने रणनीतिक रक्षा साझेदारी के लिए फ्रेमवर्क समझौते पर काम करने के लिए आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए। अंतरिक्ष क्षेत्र में दो लॉन्च सुविधा और सैटेलाइट निर्माण के लिए भी समझौता हुआ।



इंदौर का व्यापारी बनकर छत्तीसगढ़ का शख्स नकली दवाओं की बुकिंग कराता था। इंदौर के ट्रांसपोर्ट से मिले बिल का भुगतान करने वाले इस शख्स की तलाश की जा रही है। अब तक की जांच के बाद माना जा रहा है कि प्रदेश में नकली दवा खपाने का मास्टरमाइंड यही हो सकता है। उसके द्वारा ग्रामीण इलाकों के कारोबारियों से संपर्क कर उन्हें सस्ते में दवा उपलब्ध कराई जाती थी।

# इंदौर का व्यापारी बनकर छत्तीसगढ़ का शख्स मंगाता था नकली दवा, भुगतान करने वाले की तलाश

## ग्रामीण इलाकों की दुकानों में दवा खपाने वाले शख्स के खिलाफ जुटाए जा रहे सबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गोगांव के गोल्डन नागपुर ट्रांसपोर्ट में मिली दवा के मामले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम जांच में मिली कड़ियों को जोड़कर इस कारोबार को अंजाम देने वाले तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। जानकारों का कहना है कि इस मामले में फील्ड वर्क लगभग पूरा हो चुका है और मिले साक्ष्य के आधार पर मुख्य आरोपी तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। ट्रांसपोर्ट से मिले दस्तावेज की जांच के दौरान पता चला है कि छत्तीसगढ़ का एक शख्स खुद को इंदौर का व्यापारी बताकर यहां के ग्रामीण क्षेत्रों की दुकानों के लिए दवा की बुकिंग करता था। ट्रांसपोर्ट से मिले कागजों में दर्ज पते के आधार पर जांच टीम जब दवा भेजने वाले व्यापारी के ठिकाने पर पहुंची, तो वह फर्जी निकला था। दवाओं की ट्रांसपोर्टिंग के लिए किए जाने वाले भुगतान और मिले मोबाइल नंबर के आधार पर एफडीए की टीम नकली दवा के कारोबारी के खिलाफ साक्ष्य जुटा रही है।



### सारंगढ़ की दुकान के नाम पर बुकिंग

इंदौर से संबंधित ट्रांसपोर्ट में एंटीबायोटिक की नकली दवा सारंगढ़ के दवा दुकान के नाम पर बुक की गई थी। गोगांव के ट्रांसपोर्ट में आने के बाद इसके रिसीव करने काफी दिनों तक कोई शख्स नहीं आया था। संभवतः दवा की खेप उठाने वाले को इस बात का संदेह हो गया था कि एफडीए की नजर इन दवाओं पर है। लंबे इंतजार के बाद दवा बरामद की गई और ट्रांसपोर्ट में मिले बिल में जिस दवा का जिक्र पैकेट में था वो नहीं था।

### तीन जिले की टीम शामिल

नकली दवा के मामले में रायपुर समेत तीन जिलों की खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम शामिल है। रायपुर के गोगांव इलाके के ट्रांसपोर्ट में दवा मिली थी। सारंगढ़ की दुकान में लिंक के आधार पर जांच के बाद दवा के अवैध संग्रहण का मामला बनाया गया था। वहीं भाटापारा के एक दुकान में जांच के बाद दवाओं के सैंपल उठाकर उसे भी जांच दायरे में लाया गया था।

### एफआईआर कराने के संकेत भी

एंटीबायोटिक दवा के इस गंभीर मामले में जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज करने एफआईआर भी कराई जा सकती है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने इसके पहले भी कुछ एक मामलों में पुलिस के पास एफआईआर दर्ज करवाकर दवा कारोबारियों की गिरफ्तारी कराई थी। नकली दवा के इस मामले में लगभग सात माह पहले राजधानी में पकड़े गए नकली दवा के प्रकरण से लिंक होने की आशंका है।



## चार दुकानों का ताला तोड़ा, दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज थाना के व्यवसायिक क्षेत्र नर्मदापारा के चार दुकानों का ताला तोड़कर पौने दो लाख रुपए नकदी सहित अन्य कीमती सामान चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। चोरों के कब्जे से पुलिस ने नकदी रकम तथा अन्य कीमती सामान जब्त किया है। दुकान में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने सिलयारी के रहने वाले शिवम वर्मा तथा राजेश सौंरा को गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाशों ने 13 जनवरी को अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चार दुकानों का ताला तोड़कर चोरी की थी।

## रंगदारी मांगने वाला बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** गोलबाजार पुलिस ने रंगदारी कर अवैध वसूली तथा मारपीट करने के आरोप में एक आदतन बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने डरा-धमकाकर वसूली करने के आरोप में शास्त्री चौक निवासी अयान खान को गिरफ्तार किया है। अयान के खिलाफ एक युवक ने 16 दिन पूर्व शास्त्री बाजार शराब दुकान के पास मारपीट कर वसूली करने की शिकायत दर्ज कराई थी। अयान के खिलाफ मारपीट तथा अवैध वसूली के आधा दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं।

## ऑपरेशन के दौरान स्पलिंटर, वन भैंसे व भालू के हमले से चार जवान घायल

# नेशनल पार्क एरिया में मारे गए सभी नक्सलियों की हुई शिनाख्त, इन पर 27 लाख का था ईनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बीजापुर जिले के नेशनल पार्क इलाके में हुए मुठभेड़ में मारे गए सभी छह नक्सलियों की शिनाख्त हो चुकी है, इन पर 27 लाख रुपए का ईनाम घोषित था।

एसपी डॉ. जितेन्द्र यादव ने सोमवार को पत्रवार्ता में बताया कि नक्सलियों के खिलाफ 48 घंटे चले ऑपरेशन में सुरक्षाबलों ने चार महिला समेत छह नक्सली को ढेर कर भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किया है। ऑपरेशन के दौरान चार जवान घायल हुए हैं, इनमें दो जवान स्पलिंटर की चपेट में आने से तो एक एक जवान वन भैंसें व भालू के हमले से घायल हुए है। नेशनल पार्क इलाके में हुए एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने 6 नक्सलियों को मार गिराया, इनमें खूंखार नक्सली कमाण्डर दिलीप बेड़जा भी शामिल है, जिस पर 135 मामले दर्ज थे। इस नक्सल ऑपरेशन के दौरान जानवरों के हमले में दो जवान घायल हुए हैं इनमें एसटीएफ के प्रधान आरक्षक नीरज शर्मा और कृष्णा नेताम शामिल हैं। जबकि दो अन्य जवान स्पलिंटर की चपेट में आने से घायल हुए है सभी जवानों का उपचार जारी है। उन्हें उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है और उनकी स्थिति स्थित बताई जा रही है। एसपी ने बताया कि 17 जनवरी को शुरू हुआ नक्सल एनकाउंटर 18 जनवरी को भी जारी रहा। मुठभेड़ स्थल से कुल 6 नक्सलियों के शव के अलावा अत्याधुनकि हथियार और अन्य नक्सली सामग्री भी बरामद किए। इलाके में अभी भी सघन सर्च ऑपरेशन जारी है।

**खास बातें**

- एसपी ने पत्रवार्ता में बताया 48 घंटे चला ऑपरेशन
- चार महिला समेत छह नक्सली हुए ढेर



### बस्तर का अधिकांश हिस्सा माओवादी प्रभाव से मुक्त

बचे हुए नक्सल कैडरों से अपील करते है कि वे हिंसा का रास्ता छोड़कर सरेंडर कर लें और समाज की मुख्यधारा में शामिल हो जाएं। वामपंथी उग्रवाद के अंत के मिशन में बस्तर क्षेत्र ने हाल के समय में एक ऐतिहासिक परिवर्तन देखा है सुरक्षा बलों की तरफ से लगातार कार्रवाई जारी है। स्थानीय लोगों के सहयोग और फोर्स के प्रयास से बस्तर के अधिकांश हिस्सों को माओवादी प्रभाव से मुक्त कर दिया गया है मौजूदा दौर में नक्सल गतिविधि केवल कुछ छोटे समूहों तक सीमित रह गई है।

सुंदरराज पट्टलिंगम, आईजी बस्तर






### ये हथियार किए गए बरामद

नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी बीजापुर व दंतेवाड़ा के अलावा एसटीएफ, कोबरा, सीआरपीएफ की संयुक्त टीम अभियान में रवाना हुई थी। मारे गए नक्सलियों के शव के अलावा 2 एके 47 रायफल, 3 मैगजीन, 32 राउंड बुलेट, 1 इंसास रायफल, 2 मैगजीन, 30 राउंड बुलेट, 2 थ्री नॉट थ्री रायफल, 1 मैगजीन, 20 राउंड बुलेट, 1 कार्बाइन और एक मैग्नीज के अलावा 1 बीजीएल लॉन्चर और 8 बीजीएल सेल बरामद किया गया है।

### मारे गए नक्सलियों में यह थे शामिल

बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि इस मुठभेड़ में नक्सलियों के नेशनल पार्क एरिया कमेटी इंचार्ज डीवीसीएम दिलीप बेड़जा उर्फ सुक्कु भी मारा गया इस पर 8 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इसके अलावा मारे गए नक्सलियों में 5-5 लाख के ईनामी एसीएम माड़वी कोसा, पालो पोड़यिम, लक्खी उर्फ लखिता के अलावा 2-2 लाख के ईनामी जुगलो बंजाम व पार्टी मेंबर राधा मेट्टा शामिल है।

## संदेह की आग बुझाएगी कमेटी आग लगने की वजह और जले दस्तावेजों की करेगी पड़ताल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इधर, रविवार को जिला शिक्षा कार्यालय के जिस हिस्से में आग लगी थी उसके कुछ हिस्सों को जेसीबी की मदद से तोड़ना पड़ा। इन हिस्सों में अलमारियां रखी हुईं थीं। स्टील की अलमारियों के भीतर रखी फाइलें रविवार दोपहर तक जलती रहीं। इन्हें तोड़कर आग बुझाई गई। इसके पहले शनिवार देर रात तक रात बुझाए जाने के बाद भी रविवार दोपहर तक धुंआ उठता रहा। दोपहर 12 बजे पुनः दमकल वाहन तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी पहुंचे। संध्या 5 बजे तक जेसीबी मशीनों से दीवार तोड़े जाने और आग बुझाने का क्रम चलता रहा। डीपीआई द्वारा बैठाई गई जांच कमेटी में संभागीय संयुक्त संचालक संजीव श्रीवास्तव को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जबकि सदस्यों में डीपीआई के सहायक संचालक बजरंग प्रजापति और सतीश नायर शामिल हैं। हालांकि जिला शिक्षा कार्यालय ने प्रथम दृष्टया किसी साजिश से इनकार किया है। उनका कहना है कि भवन पुराना होने और निर्माण में लकड़ी का प्रयोग होने के कारण शॉर्ट सर्टिक ने भीषण हादसे की शक्ल ले ली।

- बुलाई गई जेसीबी मशीन, दीवारें तोड़कर बाहर निकाली गईं सुलगती हुई स्टील अलमारियां

**रि-साइक्लिंग का शक**

## मिलरों के धान उठाव पर रोक खरीदी बंद होने के बाद देंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी अभियान के अंतिम चरण में मार्कपेड ने धान के उठाव पर आगामी आदेश तक रोक लगा दी है। बताया जा रहा है कि जिलों में राइस मिलरों के यहां मारे गए छापे में धान का स्टॉक कम पाए जाने पर रि-साइक्लिंग के शक पर मार्कफेड ने सभी जिलों से डीओ काटने रोक लगा दी। अब मिलरों को धान खरीदी बंद होने के बाद उठाव करने दिया जाएगा। खरीदी केंद्र प्रभारियों का कहना है कि इससे धान रखने के लिए जगह तक नहीं बचेगी।



उल्लेखनीय है कि किसानों से खरीदा गया धान कस्टम मिलिंग उपार्जन नीति के तहत प्रदेशभर में संचालित राइस मिलों को दिया जाता है, जो धान की मिलिंग करके निश्चित मात्रा में चावल सरकार को वापस करते हैं। पुरानी व्यवस्था के तहत धान की खरीदी के साथ ही राइस मिलरों को धान का उठाव करने के लिए डीओ जारी किया जा रहा था। खरीदी के अंतिम चरण में धान के उठाव पर रोक लगाते हुए अब खरीदी समाप्त होने के बाद ही उठाव कराने का आदेश मार्कफेड द्वारा जारी किया गया है।

### राइस मिलों में धान का स्टॉक कम मिला

दरअसल हाल के दिनों में जब प्रदेश के कई जिलों में राइस मिलों पर छापा मारा गया तब वहां धान का स्टॉक निर्धारित मात्रा से कम मिला। आशंका है कि इन मिलरों द्वारा धान की रि-साइक्लिंग की जा रही थी। इसके चलते कई मिलों को सील कर दिया गया। आरोप है कि कई मिलर धान का उठाव करने के बाद उसे बिचौलियों के जरिये फिर से किसानों के यहां भिजवाकर खरीदी केंद्रों में बेच देते हैं।

### राइस मिलर्स और सहकारी समितियों की परेशानी बढ़ी

सरकार के नए आदेश के बाद अब किसी भी जिले में ऑनलाइन गेट पास जारी नहीं हो रहा है। वर्तमान में प्रदेश भर के धान खरीदी केंद्रों में कई लाख क्विंटल धान का स्टॉक पड़ा हुआ है। चूंकि राइस मिलों के लिए नियमित रूप से धान का उठाव हो रहा था, इसलिए खरीदी केंद्रों में जगह की कमी नहीं हो रही थी, मगर उठाव के बंद होते ही धान का विशाल स्टॉक खड़ा हो जायेगा, और इसका असर खरीदी पर पड़ेगा। हालांकि ऐसी नौबत हर साल आ रही है और ज्यादा मात्रा में धान की खरीदी के चलते धान महीनों तक केंद्रों में पड़ा रहता है।

## नवा रायपुर बनेगी सोलर सिटी, 18 विभागों के लिए 2370 किलोवाट की बनी योजना

**रायपुर।** प्रदेश में भी सोलर से बिजली का उत्पादन करने का काम अब तेजी से करने की तैयारी चल रही है। क्रेडा कई योजनाओं पर काम कर रहा है। नया रायपुर को सोलर सिटी भी बनाने की तैयारी है। इसके लिए क्रेडा ने अब 18 विभागों के लिए 2370 किलोवाट की योजना तैयार की है। इस योजना को प्रदेश सरकार से मंजूरी के बाद इस पर काम प्रारंभ होगा। पहले 10 मेगावाट बिजली के उत्पादन का 65 करोड़ का प्रस्ताव प्रदेश सरकार के पास भेजा था, लेकिन इसको नामंजूर करके क्रेडा को हर विभाग के लिए अलग-अलग योजना बनाकर देने के लिए कहा गया है। अब क्रेडा ने हर विभाग के लिए अलग-अलग योजना तैयार करके प्रस्ताव भेजा है। देश में लगातार बढ़ती बिजली की मांग को देखते हुए अब केंद्र सरकार ने सोलर बिजली की तरफ रुख किया है। इसके लिए देश के कई राज्यों में भी काम हो रहा है। जहां एक तरफ केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना पर काम चल रहा है।

### सरकार को मंजूरी के लिए भेजा प्रस्ताव

नया रायपुर को सोलर सिटी बनाने लिए अलग-अलग विभागों की योजना बनाकर प्रदेश सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है, वहां से मंजूरी के बाद काम प्रारंभ होगा।

- **भूपेंद्र सवन्नी**, अध्यक्ष क्रेडा

क्या आपको मोतियाबिंद हैं?

मोतियाबिन्द का कराएं सफल ऑपरेशन



NABH Accredited

WORLD CLASS CATARACT TREATMENT
MICS - Micro Incision Cataract Surgery

- मोतियाबिन्द ऑपरेशन द्वारा दूर एवं पास के चश्मे से छुटकारा
- विश्वस्तरीय प्रीमियम IOL प्रत्यारोपण ( Alcon Panoptix, Vivity, Clareon, IQ, Toric Lens )
- एडवांस मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको पद्धति द्वारा
- विश्वस्तरीय आधुनिक मशीनों से सुसज्जित रेटिना डिपार्टमेन्ट
- अनुभवी सर्जन (80 हजार सफल सर्जरी का अनुभव )
- बिना इंजेक्शन, बिना टांके, बिना पट्टी बांधे, शीघ्र रिकवरी
- 10 मिनट में ऑपरेशन और 2 घंटे में छुट्टी

कोल इंडिया लिमिटेड से मान्यता प्राप्त | छ.ग. शासन के कर्मचारियों के उपचार हेतु मान्यता प्राप्त | द.पू.म. रेलवे के कर्मचारियों का कैशलेस ईलाज हेतु मान्यता प्राप्त | इंश्योरेंस, टी पी ए कम्पनी से मान्यता प्राप्त

Vinayak Netralaya

विनायक नेत्रालय

अग्रसेन चौक के पास, लिंक रोड, बिलासपुर (छ.ग.) ✆ 9685333999

बिलासपुर

मंगलवार 20 जनवरी 2026

माघ शुक्ल पक्ष द्वितीया

वर्ष: 25, अंक: 299

पृष्ठ : 10+6+8 = 24 मूल्य: 5.00***


**मौसम**

अधि. 31.2

न्यून. 14.2


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


नार्वे पीएम को ट्रंप की चिट्ठी

## मुझे नोबेल नहीं मिला ग्रीनलैंड मिलना चाहिए

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नोबेल पुरस्कार नहीं मिलने का गुस्सा अब खुलकर सामने आने लगा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर को धमकी भरा संदेश भेजा है। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोरे ने सोमवार को पुष्टि की है कि उन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक संदेश मिला है, जिसमें उन्होंने कहा है कि नोबेल पुरस्कार नहीं मिलने के बाद वे शांति के लिए बाध्य नहीं हैं। ट्रंप ने नॉर्वे को कहा है कि वो डेनमार्क से कहे कि ग्रीनलैंड को अमेरिका को सौंप दिया जाए।

### डेनमार्क नहीं कर सकता ग्रीनलैंड की रक्षा : ट्रंप

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, डेनमार्क रूस या चीन से उस जमीन (ग्रीनलैंड) की रक्षा नहीं कर सकता है। वैसे भी डेनमार्क के पास कोई लिखित दस्तावेज नहीं है तो फिर उसके पास स्वामित्व का अधिकार कैसे है।

# मेडिकल पीजी प्रवेश पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला 50-50 फॉर्मूले से खत्म होगा डोमिसाइल विवाद

**संस्थागत आरक्षण हेतु 50 प्रतिशत सीटें तथा ओपन मेरिट हेतु 50 प्रतिशत सीटें आरक्षित रहेंगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने मेडिकल पीजी में प्रवेश को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने कहा है संस्थागत आरक्षण के लिए 50 प्रतिशत सीटें, तथा ओपन मेरिट हेतु 50 प्रतिशत सीटें आरक्षित रहेंगी। इसके साथ ही संस्थागत आरक्षण 50 प्रतिशत सीटों में शासकीय एवं निजी चिकित्सा महाविद्यालयों की कुल सीटें उन अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रहेंगी जिन्होंने छत्तीसगढ राज्य में स्थित एनएमसी द्वारा मान्यता प्राप्त चिकित्सा महाविद्यालयों से एमबीबीएस उत्तीर्ण किया है, ▶▶|शेष पेज 6 पर

खास खबर

### राज्य सरकार ने मांगा था स्पष्टीकरण

दरअसल राज्य सरकार ने 20 नवंबर 2025 को दिए गए हाईकोर्ट के आदेश के पैरा-21 को लेकर स्पष्टीकरण की मांग की थी। सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शशांक ठाकुर ने दलील दी कि संस्थागत वरीयता को लेकर आदेश को और स्पष्ट किया जाए। हालांकि, डॉ. समृद्धि दुबे की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि किसी स्पष्टीकरण की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि हाईकोर्ट का फैसला सुप्रीम कोर्ट के तनवी बहल प्रकरण पर आधारित है, जिसमें डोमिसाइल आधारित आरक्षण को असंवैधानिक बताया गया है।



### सुप्रीम कोर्ट के फैसले का दिया गया हवाला

हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को दोहराते हुए कहा कि मेडिकल पीजी में निवास स्थान आधारित आरक्षण मान्य नहीं है, लेकिन सीमित दायरे में संस्थान आधारित आरक्षण स्वीकार्य है। इसी सिद्धांत के अनुरूप 50 प्रतिशत की सीमा तय की गई है। अब यह फैसला हजारों मेडिकल स्नातकों के भविष्य को सीधे प्रभावित करेगा। अब राज्य में पीजी मेडिकल प्रवेश को लेकर भ्रम की स्थिति खत्म होगी और एक समान, पारदर्शी व्यवस्था लागू होगी। साथ ही, डोमिसाइल के नाम पर होने वाले भेदभाव पर भी न्यायिक रूप से विराम लग गया है। हाईकोर्ट के इस निर्णय को छत्तीसगढ़ में मेडिकल शिक्षा व्यवस्था के लिए मील का पत्थर माना जा रहा है।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### 'डिजिटल अरेस्ट' कर उगाही, आरोपी गिरफ्तार

**कन्नूर।** कन्नूर शहर की साइबर पुलिस ने थालास्सेरी की एक महिला डॉक्टर से 10.5 लाख रुपए की उगाही के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पंजाब में लुधियाना के रहने वाले आरोपी जीवन राम (28) ने डॉक्टर को 'डिजिटल अरेस्ट' कर उसे पैसे देने के लिए मजबूर करने के उद्देश्य से धमकी दी। यह घटना 30 नवंबर 2025 को हुई।

### तीन स्कूल को बम की धमकी मिली

**अंबाला।** अंबाला के तीन स्कूल को सोमवार को बम की धमकी वाला ई-मेल मिलने के बाद तुरंत पुलिस को सूचित किया गया और पूरी जांच की गई, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया। तीनों स्कूल में गहन तलाशी ली गई लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इनमें से दो स्कूल अंबाला कैंट में और एक अंबाला सिटी में स्थित है। कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

**चांदी तीन लाख रुपए किलो, बना नया रिकॉर्ड**

# चांदी ने 15 दिन में ही कर दी सबकी 'चांदी', 6 महीने में पैसा हुआ डबल!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

चांदी की कीमत सोमवार को 10,000 रुपए की जोरदार उछाल के साथ राष्ट्रीय राजधानी में रिकॉर्ड तीन लाख रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर को पार कर गई जबकि सोना भी 1,900 रुपए उछलकर 1.48 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू और वैश्विक बाजारों में मजबूत मांग के चलते चांदी के दाम में जबर्दस्त तेजी देखी गई। सोमवार को चांदी का कारोबार 3,02,600 रुपए प्रति किलोग्राम पर हुआ, जो तीन लाख रुपए से ऊपर का पहला बंद भाव है। शुक्रवार को चांदी 2,92,600 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में भी मजबूती देखी गई और यह नए रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गई। सोना 1,48,100 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई, जो शुक्रवार के 1,46,200 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर से 1,900 रुपए अधिक है। विशेषज्ञों ने कहा कि कीमती धातुओं की मांग में निरंतर वृद्धि और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच निवेशक सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर बढ़ रहे हैं।

- ट्रेड वॉर की आशंका से बिगड़ा हाल, सोना भी नए रिकॉर्ड स्तर पर

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ग्रीनलैंड को हासिल करने की पुरजोर कोशिश कर रहे है, जिसकी वजह से अमेरिका और यूरोप के दरमियान ट्रेड वॉर की आशंकाएं बढ़ गई है। इसका असर अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना और चांदी की कीमतों पर पड़ रहा है। भारतीय वायदा बाजार में चांदी का भाव 3 लाख रुपए प्रति किलो के स्तर को पार कर गया है, जो अब तक का ऐतिहासिक स्तर माना जा रहा है।

## एक्सपर्ट व्यू

### चांदी ने दिया 30 फीसदी रिटर्न

विश्लेषकों का कहना है कि औद्योगिक मांग में तेजी एवं अमेरिकी डॉलर की कमजोरी ने चांदी को और अधिक समर्थन दिया है, जो हाल के सत्रों में सोने से बेहतर प्रदर्शन कर रही है। चॉइस ब्रोकिंग के जिंस एवं मुद्रा विश्लेषक आमिर मकदा ने कहा, चांदी ने 2025 की गति को बरकरार रखते हुए करीब 30 प्रतिशत का 'रिटर्न' दिया है। औद्योगिक कमी और भू-राजनीतिक बदलावों के सहज प्रभाव के कारण चांदी करीब 94 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंच गई है जिसे कभी अकल्पनीय माना जाता था।




### वैश्विक स्तर पर ऐसा हाल

दूसरी ओर सोने के फरवरी में आपूर्ति वाले अनुबंध की कीमत 102.6 अमेरिकी डॉलर यानी 2.23 प्रतिशत चढ़कर 4,698 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। वैश्विक स्तर पर पिछले सप्ताह चांदी में 9.2 अमेरिकी डॉलर यानी 11.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि सोने में 94.5 अमेरिकी डॉलर यानी 2.09 प्रतिशत की तेजी देखी गई। दोनों धातुओं को बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और कमजोर अमेरिकी डॉलर से मजबूती मिली।

### चांदी-सोना दोनों के नए रिकॉर्ड

कोटक म्यूचुअल फंड के कोष प्रबंधक सतीश डोन्डापति ने बताया कि एमसीएक्स में चांदी और सोना दोनों ने नए रिकॉर्ड बनाए हैं जिनकी कीमत क्रमशः 3,00,000 रुपये प्रति किलोग्राम और 1,45,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि कीमती धातुओं में यह तेजी लगातार बनी हुई भू-राजनीतिक अनिश्चितता, कमजोर अमेरिकी डॉलर, आपूर्ति संबंधी चिंताओं और मजबूत निवेश मांग के कारण है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में मार्च में आपूर्ति वाले चांदी के वायदा अनुबंध की कीमत 5.81 अमेरिकी डॉलर यानी 6.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 94.35 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

### ऐतिहासिक छलांग (दर प्रति किलो)

| | |
|---|---|
| अगस्त-25 | 1.18 लाख रुपए |
| सितंबर-25 | 1.31 लाख रुपए |
| अक्टूबर-25 | 1.59 लाख रुपए |
| नवंबर-25 | 1.97 लाख रुपए |
| दिसंबर-25 | 2.90 लाख रुपए |
| जनवरी-26 | 3 लाख रुपए |

**अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़**

## 27 करोड़ रुपए का मादक पदार्थ जब्त, पांच गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंब्रा में मादक पदार्थ तस्करी के एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करने के बाद 27.21 करोड़ रुपए मूल्य की 'मेफेड्रोन' जब्त की गई है। यह ठाणे पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत थाना स्तर पर मादक पदार्थ की अब तक की सबसे बड़ी खेप की जब्ती है। पुलिस उपायुक्त (जोन 1) सुभाष बुर्से ने बताया कि एक सूचना के आधार पर, मुंब्रा थाने की स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ टीम ने एक अस्पताल के पास जाल बिछाया और बासु उमरदीन सैयद को 23.5 ग्राम मेफेड्रोन के साथ गिरफ्तार किया।

### मप्र से आपूर्तिकर्ता गिरफ्तार

मुंब्रा थाने की एक टीम मध्य प्रदेश के रतलाम गई और वहां से मनोहर लाल रंगलाल गुर्जर तथा रियाज मोहम्मद सुल्तान मोहम्मद मंसूरी उर्फ राजू नामक दो अन्य आपूर्तिकर्ताओं को गिरफ्तार किया। मनोहर लाल और राजू से 19.91 करोड़ मूल्य का 9.95 किलो मेफेड्रोन बरामद किया है।

### सबसे बड़ी बरामदगी

यह ठाणे आयुक्तालय के अंतर्गत थाने स्तर पर अब तक की सबसे अधिक बरामदगी है। मुंब्रा थाने के लिए यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। डीसीपी ने बताया कि इन पांचों व्यक्तियों का आपराधिक इतिहास है, जिनके नाम पर एनडीपीएस अधिनियम, भारतीय दंड संहिता (बीएनएस) और शस्त्र अधिनियम के तहत पहले से ही मामले दर्ज हैं।

**खरगे, राहुल का ग्रामीणों के नाम पत्र**

## काम के अधिकार को अब रेवड़ी बना देगी मोदी सरकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मनरेगा की जगह लाए गए 'विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम' का विरोध करते हुए दावा किया है कि देश की ग्रामीण आबादी के लिए काम अब 'रेवड़ी' बन जाएगा, जिसे सरकार चाहेगी, उसे काम मिलेगा तथा अब यह लोगों का अधिकार नहीं रह जाएगा। ▶▶|शेष पेज 6 पर

### चुराया जा रहा अधिकार

पत्र में कहा गया है, काम करने का आपका अधिकार चुराया जा रहा है। पहले पूरे भारत में हर ग्रामीण परिवार के लिए काम एक कानूनी गारंटी थी। किसी भी ग्राम पंचायत में काम मांगने वाले किसी भी परिवार को 15 दिनों के भीतर काम उपलब्ध कराया जाना था। अब यह अधिकार नहीं होगा बल्कि मोदी सरकार के फैसले के अनुसार 'रेवड़ी' दी जाएगी।

## करूर भगदड़ मामला: सीबीआई ने विजय से की छह घंटे तक पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली




सीबीआई ने करूर भगदड़ मामले के सिलसिले में तमिलगा वेत्री कषगम प्रमुख विजय से सोमवार को यहां एजेंसी मुख्यालय में लगभग छह घंटे तक पूछताछ की। विजय को आगे की पूछताछ के लिए कोई समन जारी नहीं किया गया है। पूछताछ के बाद विजय शाम को लगभग पांच बजे अपनी एसयूवी से सीबीआई मुख्यालय से बाहर आए, गाड़ी से उतरे, हाथ हिलाकर समर्थकों एवं मीडियाकर्मियों का अभिवादन किया और फिर वापस होटल के लिए रवाना हो गए।

**ऑक्सफैम ने भारतीय आरक्षण प्रणाली की दी मिसाल**

## 'आरक्षण' से ताकत का लोकतांत्रिक बंटवारा

एजेंसी ▶▶| दावोस

मानवाधिकार समूह ऑक्सफैम ने वैश्विक स्तर पर अरबपतियों के राजनीतिक परिदृश्य पर कब्जा करने की आशंका जताते हुए सोमवार को भारत की आरक्षण प्रणाली को आम लोगों को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में प्रगति की एक 'मजबूत' मिसाल बताया। विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के ▶▶|शेष पेज 6 पर



### स्वतंत्रता की रक्षा का आह्वान

रिपोर्ट में कहा गया कि सरकारों को अंतरराष्ट्रीय कानूनी ढांचों, मानकों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप एक ऐसा नागरिक वातावरण सुनिश्चित करना चाहिए जो नागरिकों की राजनीतिक शक्ति को बढ़ा सके। ऑक्सफैम ने सरकारों से नागरिकों, आंदोलनों, पत्रकारों एवं संगठनों को बढ़ावा देने के लिए कार्रवाई करने का आह्वान किया है।

**एआई को अपनाएं या पिछड़ जाएं**

संस्था सैंडबॉक्सएक्यू के मुख्य कार्यपालक अधिकारी जैक हिडारी ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) को अपनाएं या पिछड़ जाएं...चाहे व्यक्ति हों, निगम हों या सरकारें हों, यही एकमात्र विकल्प है। उन्होंने साथ ही कहा कि भारत एआई के साथ सही राह पर दिख रहा है जो भारतीय कंपनियों को वैश्विक स्तर पर विस्तार करने की अपार क्षमता प्रदान करती है।

**26 जनवरी पर बड़ी तैयारी**

## गणतंत्र दिवस पर 10 हजार खास मेहमान करेंगे शिरकत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली में गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं। इस बीच भारत सरकार ने बताया है कि 26 जनवरी, 2026 को नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर 77वें गणतंत्र दिवस परेड को देखने के लिए जीवन के अलग-अलग क्षेत्रों से लगभग 10,000 खास मेहमानों को इनवाइट किया गया है। मेहमानों में वे लोग शामिल हैं ▶▶|शेष पेज 6 पर

### मजदूर और लखपति दीदी

'मन की बात' में हिस्सा लेने वाले लोग, कर्तव्य भवन के निर्माण करने वाले मजदूर, लखपति दीदी और अलग-अलग क्षेत्रों के करीब 10,000 अन्य खास मेहमान गणतंत्र दिवस परेड देखेंगे। रक्षा मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि नई दिल्ली में 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर होने वाली 77वीं गणतंत्र दिवस परेड में खास मेहमानों की लिस्ट में ऐसे लोग शामिल हैं, जिन्होंने इनकम और रोजगार पैदा करने में बेहतरीन काम किया है।




चिंतन

# सुप्रीम कोर्ट का आदेश : ईसी की विश्वसनीयता ही बढ़ेगी

लोकतंत्र की नींव निष्पक्ष, पारदर्शी और भरोसेमंद चुनाव प्रक्रिया पर टिकी होती है। मतदाता सूची इस प्रक्रिया की आत्मा है, क्योंकि यही तय करती है कि कौन नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान सामने आई गड़बड़ियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का हालिया आदेश इसी लोकतांत्रिक मूल भावना की रक्षा की दिशा में एक अहम कदम है। अदालत ने न केवल चुनाव आयोग को पारदर्शिता का पाठ पढ़ाया है, बल्कि आम नागरिकों के अधिकारों को भी केंद्र में रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में एसआईआर के दौरान संदिग्ध या गड़बड़ी वाले लगभग 1.25 करोड़ नामों को सार्वजनिक करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न केवल प्रक्रिया को खुला और जवाबदेह बनाता है, बल्कि उन नागरिकों को भी जानकारी देता है, जिनके नाम किसी कारणवश मतदाता सूची से हटे या संदिग्ध पाए गए। लोकतंत्र में सूचना का अधिकार केवल एक कानूनी अवधारणा नहीं, बल्कि जनता के भरोसे का आधार है। जब आंकड़े और सूचनाएं सार्वजनिक होंगी, तो आशंकाओं और अफवाहों को स्वतः विराम लग जाएगा। यह फैसला इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि लंबे समय से यह आशंका जताई जा रही थी कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर बड़ी संख्या में वैध मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। आंकड़ों को सार्वजनिक करने का आदेश इस संदेह को दूर करने और प्रक्रिया को जवाबदेह बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है। अदालत ने साफ कहा कि जांच पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए, ताकि आम लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। यह टिप्पणी केवल प्रशासनिक प्रक्रिया तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चुनाव आयोग के रवैये पर भी एक महत्वपूर्ण टिप्पणी है। अक्सर देखा गया है कि दस्तावेजों की कमी, तकनीकी त्रुटियों या प्रशासनिक सख्ती के कारण गरीब, प्रवासी मजदूर, बुजुर्ग और युवा मतदाता सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश सुनिश्चित करता है कि जांच का उद्देश्य सुधार हो, न कि नागरिकों को अनावश्यक रूप से परेशान करना। फैसले का एक और अहम पहलू यह है कि बंगाल के 1.25 करोड़ वोटर्स को अपना नाम दोबारा मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए एक और मौका दिया गया है। जिन लोगों के नाम कट गए थे, उनके लिए यह आदेश एक नई उम्मीद लेकर आया है और यह संदेश भी देता है कि कोई भी प्रशासनिक प्रक्रिया नागरिक के मौलिक अधिकार से ऊपर नहीं हो सकती। दसवीं कक्षा के एडमिट कार्ड को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए मान्य दस्तावेज मानने का निर्देश लाखों लोगों को राहत देगा। देश में बड़ी आबादी ऐसी है जिसके पास जन्म प्रमाण पत्र या अन्य पारंपरिक पहचान दस्तावेज नहीं हैं, लेकिन शैक्षणिक रिकॉर्ड उपलब्ध हैं। इस फैसले से खासतौर पर युवाओं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को लाभ मिलेगा। यह पहली बार नहीं है जब सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को आंकड़े सार्वजनिक करने के निर्देश दिए हों। इससे पहले भी अदालत पारदर्शिता पर जोर देती रही है। बिहार चुनाव के दौरान एसआईआर के बाद मतदाता सूची को सार्वजनिक किया गया था, जिससे न केवल विवाद कम हुए बल्कि जनता का भरोसा भी बढ़ा। वही, अनुभव बंगाल में भी दोहराया जा सकता है। कुल मिलाकर, यह फैसला चुनाव आयोग के कामकाज में पारदर्शिता लाने और उसकी विश्वसनीयता बढ़ाने वाला है।



आर्थिक चुनौतियां
रोहित माहेश्वरी

# जाली करंसी से अर्थव्यवस्था को चोट

नकदी रहित अर्थव्यवस्था का सरकारी महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के मार्ग में अभी तमाम बाधाएं विद्यमान हैं। केंद्रीय बैंक आरबीआई के गवर्नर ने एक संसदीय समिति को जानकारी दी है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कुल छह करोड़ से ज्यादा नोटों में से पांच सौ रुपये के 1.18 लाख नोट नकली पाए गए हैं। केंद्रीय बैंक की वार्षिक रिपोर्ट बताती है कि इन नोटों की संख्या में एक साल में 37 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि हुई है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं। नकली नोटों का बढ़ता जाल संकेत देता है कि असामाजिक तत्व नए-नए तरीके अपनाकर इस चुनौती को और जटिल बना रहे हैं।

देश में जाली नोटों का कारोबार कई राज्यों में फैला हुआ है, इसमें से कुछ जाली करंसी विदेशों से आई है तो कुछ भारत में ही तैयार की गई है। अभी तक पांच सौ, हजार और सौ-सौ के नकली नोट ही सिरदर्द बने थे। परंतु अब पचास, बीस और दस रुपये के नकली नोटों का धड़ल्ले से चलन में हैं। छोटे-बड़े नकली नोटों की खपत ग्रामीण बाजारों में आसानी से हो जाती है। उत्तर प्रदेश के सीतापुर में बीती 18 जनवरी को थाना बिसवां पुलिस ने गुलजारशाह मेले के करीब एक लाख के नकली नोटों के साथ एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। बीती 1 जनवरी को हरियाणा के फरीदाबाद में पुलिस ने नकली नोट बनाकर मार्केट में चलाने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया था। बीती 17 जनवरी को महाराष्ट्र के यवतमाल जिले की पुसद पुलिस ने एक बड़े जाली नोट नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। गत 5 जनवरी को उत्तर प्रदेश के बांदा में पुलिस ने नकली भारतीय मुद्रा तैयार कर उसे बाजार में खपाने वाले एक संगठित अन्तर्जनपदीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था। बीती 13 जनवरी को गुजरात के सूरत में नकली नोटों के रैकेट को लेकर पुलिस ने भीड़-भाड़ वाले इलाकों में छोटे दुकानदारों को निशाना बनाकर नकली नोट चलाने वाले एक हीरा कारीगर को गिरफ्तार किया है।

बीते साल नवंबर में भोपाल पुलिस ने 21 साल के एक युवक को वीडियो देखकर अपने घर को नकली नोटों की फैक्ट्री बनाने के आरोप में पकड़ा था। आरोपी प्रिंटर, स्पेशल पेपर और प्रेस के अनुभव का इस्तेमाल कर असली जैसे 500-500 रुपये के नोट तैयार करता था। इसमें कोई दो राय नहीं है कि हमारा देश डिजिटल लेनदेन के मामले में अग्रणी बना हुआ है और यहां दुनिया भर में होने वाले लगभग आधे रियल टाइम लेन-देन डिजिटल भुगतान के जरिये ही होते हैं। हालांकि, नकदी रहित अर्थव्यवस्था का सरकारी महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के मार्ग में अभी तमाम बाधाएं विद्यमान हैं। लेकिन चिंता की बात यह है कि अभी भी अर्थव्यवस्था में नकली करंसी की मौजूदगी बनी हुई है। देश में नकली नोटों का नेक्सस लगातार फैल रहा है, जो देश की बैंकिंग सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है। नकली नोटों का यह नेटवर्क सीधे तौर पर भारत के बैंकों को निशाना बना रहा है। हाल ही में दिल्ली पुलिस ने कई बैंकों की शिकायत पर एक केस दर्ज किया है, जो काफी चौंकाने वाला है। इस मामले में 18 सरकारी और प्राइवेट बैंक शामिल हैं। बैंकों का कहना है कि उनके यहां करीब 11 हजार नकली करंसी नोट जमा किए गए हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 34 लाख रुपये है। यह अपने आप में एक गंभीर और हैरान करने वाली बात है कि देश के बैंकों में इतने नकली नोट कैसे जमा हो पा रहे हैं। सरकारी आंकड़े बता रहे हैं कि बीते सालों के दौरान नकली नोट पकड़े जाने के मामलों में तेजी आई है। इससे पता चलता है कि नकली नोटों का चलन तेज हुआ है। पिछले कुछ सालों में नकली नोटों की समस्या ने देश की अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चिंता खड़ी कर दी है। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 500 रुपये के नकली नोटों में वित्त वर्ष 2019 से 2023 के बीच 317 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। जहां 2019 में यह संख्या 21,865 मिलियन पीस (एमपीसी) थी, वहीं 2023 में यह बढ़कर 91,110 एमपीसी तक पहुंच गई। हालांकि वित्त वर्ष 2024 में यह संख्या घटकर 85,711



एमपीसी पर आ गई। केंद्रीय बैंक आरबीआई के गवर्नर ने एक संसदीय समिति को जानकारी दी है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कुल छह करोड़ से ज्यादा नोटों में से पांच सौ रुपये के 1.18 लाख नोट नकली पाए गए हैं। केंद्रीय बैंक की वार्षिक रिपोर्ट बताती है कि इन नोटों की संख्या में एक साल में 37 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि हुई है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं। वर्ष 2016 में नोटबंदी के फैसले का उद्देश्य नकली नोटों और भ्रष्टाचार को रोकना था। लेकिन मौजूदा आंकड़े इस कदम की प्रभावशीलता पर सवाल उठाते हैं।

नकली नोटों का बढ़ता जाल संकेत देता है कि असामाजिक तत्व नए-नए तरीके अपनाकर इस चुनौती को और जटिल बना रहे हैं। विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है। वास्तव में, हाल के वर्षों में, भारत ने नकली नोटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने व काले धन पर रोक के लिए डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिये अपनी स्थिति खासी मजबूत की है। सरकार की सोच है कि काले धन पर रोक लगाने के लिए नकद लेन-देन को हतोत्साहित किया जाए। नोटबंदी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था कैशलेस सोसायटी की ओर अग्रसर है। डिजिटल ट्रांजेक्शन्स 300 प्रतिशत तक बढ़े हैं। कैशलेस लेन-देन लोगों के जीवन को आसान बनाने के साथ-साथ हर लेन-देन से काले धन को हटाते हुए क्लीन इकोनॉमी बनाने में भी मददगार साबित हुआ है। निस्संदेह, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने भारत के आर्थिक लेन-देन तंत्र में क्रांति ला दी है। भुगतान के तमाम विकल्पों ने भारतीय नागरिकों के आर्थिक व्यवहार को बहुत आसान बना दिया है। हालांकि, अभी भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो डिजिटल माध्यम से लेन-देन में परहेज करते हैं। असल में, नकदी पर उनकी निर्भरता का मूल कारण डिजिटल शिक्षा का अभाव ही है। साथ ही इसके कारणों में भ्रष्टाचार और कर चोरी की नीयत भी शामिल है। ऐसे में सरकार को डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी चाहिए। वहीं दूसरी आर्थिक अनियमितताएं करने वाले तत्वों से भी सख्ती से निबटा जाना चाहिए। यह भी चिंता की बात है कि नोटबंदी के नौ साल से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी रियल एस्टेट क्षेत्र में काले धन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल बना हुआ है।

बेशक, डिजिटल युग में भी 'नकदी ही राजा है' मानने वालों को रोकने के लिए जांच और कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। साथ ही इस दिशा में भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश में लगी विदेशी ताकतों की नकली करंसी के प्रसार में कितनी बड़ी भूमिका है। विगत में पाकिस्तान से ड्रग मनी व आतंकी संगठनों की मदद के लिए नकली करंसी के उपयोग की खबरें सामने आती रही हैं। नकली नोटों के चलन को रोकने में सबसे बड़ी बाधा जागरूकता का अभाव है। शहरों में तो थोड़ी बहुत जागरूकता दिखती है, पर ग्रामीण क्षेत्र में लोगों के कम पढ़े-लिखे होने का फायदा उठाकर नकली नोटों के सौदागर अपना लक्ष्य आसानी से पूरा कर लेते हैं। जाली नोट के साथ सबसे बड़ी दिक्कत ये होती है कि इसे पहचानना काफी मुश्किल होता है, क्योंकि जालसाज टेक्नोलॉजी की मदद से हूबहू असली नोटों से मिलते जुलते नकली नोट बना रहे हैं। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि नकली नोटों का बढ़ना न केवल अर्थव्यवस्था के लिए खतरा है, बल्कि यह आम जनता के विश्वास को भी कमजोर करता है। नकली नोटों की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए तकनीकी सशक्तिकरण, कड़ी निगरानी, और जागरूकता अभियान जरूरी है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मुद्दा
सोनम लववंशी



# उबलती चाय, जलते हाथ और ठहाके लगाता समाज!

देश ने चाय से आजादी पाई थी, अब चाय से दोस्ती साबित कर रहा है। सोशल मीडिया का ताजा आविष्कार उबलती चाय हाथों पर डालो और बताओ कि यार कितने पक्के हैं। शायद अगला चरण आग में कूदकर रिश्तेदारी नापने का होगा। कभी दोस्ती का मतलब होता था साथ बैठकर चाय पीना। आज मतलब है चाय सहना। फर्क बस इतना है कि पहले जलन दिल में होती थी, अब हथेलियों पर दिखाई देती है। और कैमरा ऑन हो तो दर्द भी देशभक्ति जैसा पवित्र हो जाता है। यह ट्रेंड बताता है कि हमारे समय में विवेक कोई आंतरिक गुण नहीं, बल्कि वैकल्पिक सुविधा है जिसे रील बनाते वक्त बंद किया जा सकता है। दोस्ती अब भावनात्मक रिश्ता नहीं, कंटेंट है। जितना ज्यादा जोखिम, उतना ज्यादा रिच। अगर अस्पताल में भर्ती हो जाओ, तो बोनस व्यूज। असली समस्या यह नहीं कि कुछ लोग अपने हाथ जला रहे हैं। असली समस्या यह है कि बाकी लोग कह रहे हैं कि 'भाई, गजब ट्रेंड है।' यही वह क्षण है जहां समाज ताली बजाते हुए अपनी समझ को चुपचाप दफन कर देता है। हम पहले ही ऐसे समाज में रहते हैं जहां हिंसा रोमांच है और जोखिम बहादुरी। सड़क पर स्टंट, रिश्तों में सहनशीलता और सोशल मीडिया पर मूर्खता सबको अलग-अलग नाम देकर वैध बना दिया गया है। अब जलना भी एक्सप्रेशन है। महिलाओं के लिए यह ट्रेंड कोई नई कहानी नहीं सुनाता, बस पुरानी सोच को नए फिल्टर में परोसता है। सहना आज भी 'अच्छी लड़की' की पहचान है। फर्क सिर्फ इतना है कि अब यह परीक्षा ससुराल में नहीं, इंस्टाग्राम पर ली जा रही है। इंकार आज भी खराब लगता है, जलना अब भी स्वाभाविक। अगर दोस्ती सच में परीक्षा मांगती, तो कृष्ण-सुदामा की मित्रता आज के ट्रेंड में फेल हो जाती। न कोई स्टंट, न कोई वीडियो, न कोई सबूत। सिर्फ भरोसा। शायद इसी वजह से वह मित्रता इतिहास में बची रह गई और आज तो दोस्तियां 24 घंटे में ही गुम हो जाती हैं। सबसे डरावनी बात यह नहीं कि लोग उबलती चाय डाल रहे हैं। डरावना यह है कि समाज क्यों पूछ नहीं रहा। जब सवाल पूछना बोरिंग और तालियां बजाना आसान हो जाए, तब समझ लीजिए कि जलन केवल हाथों में नहीं, सोच में फैल चुकी है। दोस्ती का मतलब सुरक्षा होता है। लेकिन जब रिश्ते लोकप्रियता के लिए खतरे में डाले जाएं, तो उसे दोस्ती नहीं भीड़ के सामने किया गया असफल अभिनय कहते हैं। आज अगर हमने इसे 'मजाक' कहकर छोड़ दिया, तो कल कोई और उबलता प्रयोग तैयार खड़ा होगा। और तब भी हम कहेंगे 'ट्रेंड तो चल रहा था।' कुछ रिपोर्ट्स बताती हैं कि वायरल चैलेंज की वजह से 2020 के बाद खतरनाक चोटें दोगुनी हो गई हैं, और 'ब्लैकआउट चैलेंज' जैसी गतिविधियों में 20 से अधिक बच्चों की मौतें हुई हैं। हालिया घटना में, एक किशोरी के चेहरे और हाथों पर जलने के निशान रह गए, सिर्फ इसलिए कि उसने 'फायर चैलेंज' में भाग लिया। यही डेटा बताता है कि यह सिर्फ स्टंट नहीं है, यह सोशल मीडिया की मानसिकता है। दर्द और जोखिम को रोमांच और लोकप्रियता का लेबल दे दिया गया है। महिला दृष्टि से यह मामला और गहरा है। इतिहास में सहनशीलता और धैर्य को स्त्रियों की शक्ति माना गया। आज वही सहनशीलता शारीरिक परीक्षा और डिजिटल चैलेंज के रूप में सामने आ रही है। 'ना' कहना अब भी कठिन है, 'सहना' अब भी आदर्श। जब समाज ने इसे स्वीकार्य मान लिया, तो यह सिर्फ व्यक्तिगत मूर्खता नहीं, सामूहिक समस्या बन जाती है। सोशल मीडिया पर दिखावे की दोस्ती ने यह सिद्ध कर दिया है कि मित्रता अब भावनात्मक विश्वास की नहीं, बल्कि दिखावे और प्रदर्शन की वस्तु है। अगर मित्रता सच में परीक्षा मांगती, तो कृष्ण और सुदामा की मित्रता आज भी आदर्श के रूप में याद रखी जाती। वहां न कोई स्टंट था, न कोई कैमरा, था तो केवल भरोसा और सम्मान। आज का ट्रेंड उसी मूल भावना का मजाक है। दोस्ती का मतलब अब सुरक्षा और सम्मान नहीं, कंटेंट बनाना हो गया है। हाथ जलता है तो जले, कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि व्यूज मिल गए हैं। आंकड़े बताते हैं कि साल 2025 में इंटरनेट पर वायरल खतरनाक चैलेंज में 50 प्रतिशत से अधिक प्रभावितों में किशोरियां और युवा महिलाएं हैं। उसकी वजह केवल ट्रेंड की खोज नहीं, बल्कि यह भी है कि समाज में सहनशीलता को 'गुण' मानने की मानसिकता अब डिजिटल मंच पर भी हावी है। दोस्ती, जो कभी विश्वास और समय की कसौटी पर परखी जाती थी, अब फ्रेम, रील और व्यूज की कसौटी पर आ गई है। और समाज, जो कभी सवाल पूछता था, अब केवल देख रहा है। यह स्थिति न केवल हाथों को जला रही है, हमारे सामाजिक विवेक को भी धीरे-धीरे भस्म कर रही दोस्ती का अर्थ सुरक्षा, सम्मान और साथी की रक्षा है, न कि लोकप्रियता के लिए जोखिम में डालना। अगर आज हम चुप रह गए, तो कल कोई और ट्रेंड हाथों और विवेक दोनों को जला देगा। और तब भी हम कहेंगे 'सोशल मीडिया है, चलता है।'

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## 'छिद्रान्वेषण', जो लोग दूसरों में ढूंढ़ते हैं दोष



संकलित
दर्शन

लोग प्रायः दूसरों में दोष ढूंढ़ने में लगे रहते हैं। इसी को छिद्रान्वेषण कहते हैं। ऐसा करने वाले लोग अपने बड़े-बड़े दोषों को देखते हुए भी नहीं देख पाते। फिर भी दूसरों में दोष निकालने से बाज नहीं आते। यह प्रवृत्ति न केवल स्वयं के लिए, अपितु समाज के लिए भी घातक है। इसी कारण समाज में ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य का परिवेश बनता है। इसका सर्वाधिक विपरीत प्रभाव उन लोगों के मनोबल पर पड़ता है, जो ईमानदारी से समाज और देश की सेवा कर जीवन यापन करना चाहते हैं। छिद्रान्वेषी प्रवृत्ति अमूमन उन्हीं लोगों में देखने को मिलती है जो स्वयं बुराइयों के भंडार होते हैं। इससे उनकी सकारात्मक ऊर्जा का निरंतर क्षरण होता है और स्वयं का विकास अवरुद्ध हो जाता है। इसीलिए चाणक्य ने कहा है, 'मनुष्य की यह प्रवृत्ति कभी अपने भीतर सद्गुणों का विकास नहीं होने देती।' परिणामस्वरूप मन, वाणी और कर्म तीनों कलुषित हो जाते हैं। महाभारत में दुर्योधन छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का सबसे बड़ा उदाहरण है। उसने कभी अपने दोष देखने का प्रयास नहीं किया। इसीलिए उसके मन, वाणी और कर्म सभी कलुषित हो गए। एक बार गुरु द्रोण ने दुर्योधन और युधिष्ठिर दोनों को राज्य में साधु पुरुषों की गणना के लिए भेजा तो दुर्योधन को कोई साधु पुरुष मिला ही नहीं। यह दुर्योधन की छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का परिणाम था। इसके विपरीत युधिष्ठिर को कोई दुर्जन व्यक्ति नहीं मिला। वास्तव में दूसरे के दोष देखने का अधिकार उसी को है, जिसमें वह बुराई न हो।

## क्या भोग लगाना पाखंड है?



संकलित
प्रेरणा

एक बार सन 1989 में मैंने सुबह टीवी खोला तो जगत गुरु शंकराचार्य कांची कामकोटि जी से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम चल रहा था। एक व्यक्ति ने प्रश्न किया कि हम भगवान को भोग क्यों लगाते हैं। जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने कहा यह समझने की बात है कि जब हम प्रभु को भोग लगाते हैं तो वह उसमें से क्या ग्रहण करते हैं। मान लीजिए कि आप लड्डू लेकर भगवान को भोग चढ़ाने मंदिर जा रहे हैं और रास्ते में आपका जानने वाला कोई मिलता है और पूछता है यह क्या है तब आप उसे बताते हैं कि यह लड्डू है। फिर वह पूछता है कि किसका है? तब आप कहते हैं कि यह मेरा है। फिर जब आप वही मिष्ठान्न प्रभु के श्री चरणों में रख कर उन्हें समर्पित कर देते हैं और उसे लेकर घर को चलते हैं तब फिर आपको जानने वाला कोई दूसरा मिलता है और वह पूछता है कि यह क्या है ? तब आप कहते हैं कि यह प्रसाद है फिर वह पूछता है कि किसका है तब आप कहते हैं कि यह हनुमान जी का है। अब समझने वाली बात यह है कि लड्डू वही है। उसके रंग रूप स्वाद परिमाण में कोई अंतर नहीं पड़ता है तो प्रभु ने उसमें से क्या ग्रहण किया कि उसका नाम बदल गया। वास्तव में प्रभु ने मनुष्य के मम-कार को हर लिया। यह मेरा है का जो भाव था, अहंकार था प्रभु के चरणों में समर्पित करते ही उसका हरण हो गया। प्रभु को भोग लगाने से मनुष्य विनीत स्वभाव का बनता है शीलवान होता है। अहंकार रहित स्वच्छ और निर्मल चित्त मन का बनता है। इसलिए इसे पाखंड नहीं कहा जा सकता है।

अंतर्मन




आज की पाती

### तन, मन व आत्मा को शुद्ध करता है मौन

18 जनवरी को मौनी अमावस्या मनाई गई। हमारी देवभाषा संस्कृत में मौनी का एक अर्थ मौन भी होता है। सनातन धर्म में बहुत से त्योहार, पर्व, वर्त और अन्य बहुत से ऐसे धार्मिक आयोजन होते हैं, जिनका धार्मिक महत्व तो बहुत होता है, इसी के साथ-साथ यह विज्ञान की दृष्टि में भी बहुत महत्वपूर्ण है। इनसे हमारा तन, मन और पर्यावरण भी शुद्ध होता है। मौनी अमावस्या पर साधु-संतों और अन्य लोगों ने विभिन्न तरीकों से पूजा अर्चना की। इनमें से बहुतों ने इस दिन मौन व्रत भी रखा। विद्वान कहते हैं कि मौन व्रत से हमारा तन, मन और आत्मा शुद्ध होती है और हवन करने से पर्यावरण भी साफ होता है। मौन से हमारी वो ऊर्जा बेवजह बर्बाद होने से बचती है जो हम बेकार और फालतू बातों के लिए बर्बाद करते हैं। *- पंकज पटेल, भाटापारा*

ट्रेंड

### यूएई से मज़बूत दोस्ती



अपने भाई, यूएई के राष्ट्रपति महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट गया। उनकी यह यात्रा दिखाती है कि वह भारत-यूएई की मज़बूत दोस्ती को कितनी अहमियत देते हैं। हमारी बातचीत का इंतज़ार है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### पार्वती गिरी को नमन



महान स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजसेवी पार्वती गिरी जी की 100वीं जयंती पर कोटि-कोटि नमन। अल्पायु में ही भारत छोड़ो आंदोलन से जुड़कर मातृभूमि की स्वाधीनता के लिए अहम भूमिका निभाई थी। पार्वती जी का त्याग-राष्ट्रप्रेम प्रेरणास्रोत है।
-अमित शाह, गृहमंत्री

### संघर्ष करते तो बनते महान



देशभर में ऐसे लोगों को देखते हैं जो किसी बात पर विश्वास तो करते हैं, लेकिन कहने का साहस नहीं रखते लेकिन महान राष्ट्र चुप्पी से नहीं बनते। जब वे विचार खुलकर रखते हैं उसके लिए संघर्ष करते हैं तब व महान बनते हैं। - राहुल गांधी. कांग्रेस सांसद

### हार्दिक शुभकामनाएं



कोकबोरोक दिवस के अवसर पर त्रिपुरा के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं। यह विशेष अवसर कोकबोरोक का जश्न मनाता है - यह एक प्राचीन, सांस्कृतिक रूप से जीवंत स्वदेशी भाषा है जो सदियों से बोली जाती रही है, और यह भारत की विविधता और साझा मूल्यों की समृद्धि को उजागर करती है।-
- मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

करंट अफेयर


## एआई बॉट चुनावों को प्रभावित कर सकते हैं




दुनिया के पहले सोशल मीडिया आधारित 'वॉरगेम' से यह खुलासा हुआ है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से संचालित बॉट न केवल बड़े पैमाने पर गलत सूचना फैला सकते हैं, बल्कि संगठित तरीके से चुनावी नतीजों को भी प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। यह बात ऐसे समय में सामने आयी है, जब वैश्विक स्तर पर सोशल मीडिया पर फर्जी खबरों और डीपफेक सामग्री को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। एआई बॉट एआई पर आधारित सॉफ्टवेयर प्रोग्राम होता है, जो इंसानों की तरह बातचीत करने, सवालों के जवाब देने और काम करने में सक्षम होता है। रिपोर्ट में 14 दिसंबर 2025 को ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले का उल्लेख किया गया है, जिसमें 15 नागरिकों और एक हमलावर की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद, जब देश सदमे में था, सोशल मीडिया पर एआई की मदद से तैयार की गई भ्रामक सामग्री तेजी से फैलने लगी। न्यू साउथ वेल्स के प्रीमियर क्रिस मिंस का छेड़छाड़ करके तैयार किया गया एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें दावा किया गया कि हमलावरों में से एक भारतीय नागरिक था। इसके अलावा, सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक कथित 'नायक' का महिमामंडन किया गया।

ऑफ बीट

## महासागर पहले कभी हरे रंग के हुआ करते थे



महासागर धरती के करीब तीन चौथाई हिस्से पर फैले हैं जिससे यह ग्रह आकाश से हल्के नीले रंग का दिखता है। लेकिन 'नेचर पत्रिका' में प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट में जापानी शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है कि पृथ्वी के महासागर कभी हरे हुआ करते थे। प्राचीन काल में पृथ्वी के महासागरों के अलग रंग में दिखने का संबंध उनके रसायन विज्ञान और प्रकाश संश्लेषण के विकास से है। भूविज्ञान के स्नातक छात्र के रूप में, मुझे ग्रह के इतिहास को रिकॉर्ड करने के लिहाज से 'बैंडेड आयरन' संरचना के रूप में जाने जाने वाले एक प्रकार के 'चट्टानी जमाव' के महत्व के बारे में पढ़ाया गया था। 'बैंडेड आयरन' संरचना का जमाव आर्कियन और पैलियोप्रोटेरोजोइक युग में लगभग 3.8 से 1.8 अरब साल पहले हुआ था। उस समय जीवन महासागरों में एक कोशिका वाले जीवों तक ही सीमित था। महाद्वीप ग्रे, भूरे और काले रंग की चट्टानों और जमा तलछटों का एक बंजर परिदृश्य था। महाद्वीपीय चट्टानों पर गिरने वाली बारिश की बूंदों से उसमें विद्यमान लोहा घुलकर नदियों के जरिये महासागरों में पहुंच गया। लोहे के अन्य स्रोत समुद्र तल पर ज्वालामुखी थे। यह लोहा (आयरन) बाद में महत्वपूर्ण हो गया होगा।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

माघ मेला में विवाद

# मारपीट के बाद धरने पर बैठे शंकराचार्य, लिखित माफी की मांग

*प्रयागराज। प्रयागराज में माघ मेले में मौनी अमावस्या (रविवार) के दिन हुई घटना के बाद धरने पर बैठे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि वह स्नान करने पालकी से ही जाएंगे और प्रशासन जब तक लिखित रूप से माफी नहीं मांग लेता वह नहीं उठेंगे। उन्होंने पुलिस पर साधु संतों को पीटे जाने का आरोप लगाते हुए इस पूरी घटना के लिए पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार, मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, गृह सचिव मोहित गुप्ता और जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की फोटो दिखाते हुए उन्हें जिम्मेदार ठहराया है।*

**प्रशासन ने किया परंपरा खंडित :** सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर शंकराचार्य ने प्रशासन के परमिशन के तर्क पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या किसी साधु-संत या सनातनी को गंगा स्नान के लिए अनुमति लेनी होगी।, 'हम गंगा स्नान के लिए परमिशन नहीं लेंगे; क्या बच्चा मां से मिलने की इजाजत लेगा? उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें पालकी का शौक नहीं है, बल्कि भीड़ प्रबंधन और परंपरा के लिए वे पालकी का उपयोग करते हैं ताकि भगदड़ न हो। माघ मेले में अनादि काल से सम्मान के साथ स्नान की परंपरा रही है, जिसे अपमानित किया गया है।

**बटुक का खून से सना दुपट्टा :** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार के अधीन मेला प्रशासन संतों और बटुकों के साथ ऐसा व्यवहार कैसे कर सकता है। शंकराचार्य ने एक बटुक का खून से सना दुपट्टा दिखाते हुए दावा किया कि पुलिस ने बुजुर्ग संतों को जूतों से मारा और नेपाल से आए संत की चोटी पकड़कर पिटाई की।

**प्रशासन की सफाई :** प्रयागराज पुलिस कमिश्नर के अनुसार, संगम नोज पर उस समय लाखों की संख्या में बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग मौजूद थे। सुरक्षा के मद्देनजर वीवीआइपी स्नान पर रोक थी और स्वामीजी से केवल पैदल जाने का अनुरोध किया गया था। उधर, बैरिकेड तोड़ने के आरोप पर शंकराचार्य ने सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करने की मांग की है। उनका कहना है कि वे प्रशासन के साथ ही निकले थे और पुलिस ने ही वार्ता कर बैरिकेड खुलवाए थे।

### मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज में स्नान करने से रोका था यूपी प्रशासन ने



शंकराचार्य ने सीओ विनीत सिंह की फोटो दिखाते हुए आरोप लगाया कि संगम नोज पर जिन साधु संतों को पुलिस ने हिरासत में लिया, उन्हें विनीत सिंह ने पीट-पीट कर घायल किया। शंकराचार्य ने कहा कि वह धरने पर नहीं बैठे हैं। प्रशासन उन्हें जहां छोड़ गया था वह वहीं विराजमान हैं। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि माघ मेले में संगम स्नान के लिए चारों शंकराचार्य के लिए प्रोटोकॉल बनना चाहिए ताकि शंकराचार्य पालकी पर जाकर स्नान कर सकें।

> 'जहां प्रशासन ने छोड़ा वहीं विराजमान हूं'

### घटना के विरोध में यूपी सरकार का पुतला फूंका

**ज्योतिर्मठ।** प्रयागराज में ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के साथ हुई घटना पर सोमवार को उत्तराखंड के ज्योतिर्मठ के नटराज चौक पर स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार का पुतला जलाया। उन्होंने प्रयाग राज में हुई घटना को सनातन धर्म, संत समाज और करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर हमला बताया। साथ ही कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की चुप्पी और निष्क्रियता इस गंभीर घटना को संरक्षण देने जैसा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को दिया आदेश

# बंगाल एसआईआर, रिकॉर्ड में गड़बड़ी वाले लोगों के नाम होंगे सार्वजनिक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को निर्वाचन आयोग (ईसी) को साफ निर्देश दिया कि पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान जिन करीब 1.25 करोड़ लोगों के खिलाफ 'तार्किक विसंगतियों' की आपत्ति उठाई गई है, उन सभी के नाम पब्लिश किए जाएं। देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने ये आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा कि दस्तावेजों के वेरिफिकेशन के लिए करीब दो करोड़ लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग को यह समझना चाहिए कि पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की वजह से लोग कितने 'तनाव' में हैं।

**खास बातें**

- सीजेआई ने कहा- लोग तनाव में हैं चुनाव आयोग यह समझे
- 1.25 करोड़ मतदाता 'तार्किक विसंगतियों' की सूची में हैं शामिल



### दस्तावेज जमा करने की बढ़ी समय सीमा

सुप्रीम कोर्ट ने उन लोगों को बड़ी राहत दी है जिनके कागजों में कोई कमी मिली है। कोर्ट ने साफ कहा है कि अगर कागज जमा करने की आखिरी तारीख निकल भी गई है, तो भी उनके फॉर्म और डॉक्यूमेंट्स ले लिए जाएं। लोग खुद जाने के बजाय अपने किसी प्रतिनिधि को भेजकर भी कागज जमा करा सकते हैं। पंचायत या ब्लॉक ऑफिस में लिस्ट लगने के 10 दिनों के अंदर कोई भी अपनी शिकायत या आपत्ति दर्ज करा सकता है। इसके लिए सरकार को हर पंचायत और ब्लॉक ऑफिस में विशेष डेस्क बनाने को कहा गया है ताकि लोगों को दूर न भटकना पड़े।

### कानून-व्यवस्था बनाए रखने ममता सरकार को सख्त हिदायत

मामला गंभीर होने के कारण सुप्रीम कोर्ट ने ममता सरकार को राज्य में शांति बनाए रखने के सख्त आदेश दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि इस पूरी कार्रवाई के दौरान कहीं भी हिंसा या हंगामा नहीं होना चाहिए। सरकार की यह जिम्मेदारी होगी कि वह चुनाव आयोग को जरूरत के हिसाब से कर्मचारी और अधिकारी दे ताकि काम न रुके। प्रशासन को हर हाल में यह पक्का करना होगा कि राज्य में कानून-व्यवस्था बनी रहे और लोगों को कोई परेशानी न हो।

कई की हालत गंभीर, रात भर चला रेस्क्यू ऑपरेशन

# स्पेन में दो हाई-स्पीड ट्रेन की टक्कर, 39 यात्रियों की मौत



**मैड्रिड।** दक्षिणी स्पेन में रविवार को एक भीषण रेल हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। कॉर्डोबा शहर के पास आदामूज इलाके में दो हाई-स्पीड ट्रेनों की टक्कर में कम से कम 39 लोगों की मौत हो गई, जबकि 70 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। अधिकारियों ने आशंका जताई है कि रात भर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रहने की वजह से मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। स्पेन के परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंते ने बताया कि, कई घायलों की हालत गंभीर है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा तब हुआ, जब मलागा से मैड्रिड जा रही एक हाई-स्पीड ट्रेन पटरी से उतर गई और दूसरी लाइन पर पहुंच गई। उसी दौरान मैड्रिड से हुएल्वा जा रही दूसरी ट्रेन उससे टकरा गई। हादसे की आधिकारिक वजह अभी सामने नहीं आई है। इस बीच स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा कि देश एक 'गहरी पीड़ा' से गुजर रहा है।

### बेहद 'असामान्य' घटना

रेल नेटवर्क ऑपरेटर ने बताया कि दुर्घटना मलागा से ट्रेन के रवाना होने के करीब दस मिनट बाद हुई। हैरानी की बात यह है कि जिस ट्रैक पर ट्रेन पटरी से उतरी, वह सीधा हिस्सा था और उसका रेनवेशन पिछले साल मई में ही किया गया था। परिवहन मंत्री ने इस घटना को 'बेहद असामान्य' बताया है।मलागा से मैड्रिड जाने वाली ट्रेन का संचालन निजी कंपनी इरियो कर रही थी, जिसमें करीब 300 यात्री सवार थे। वहीं दूसरी ट्रेन, जिसे सरकारी कंपनी रेनफे चला रही थी, उसमें लगभग 100 यात्री थे। दसे के बाद मैड्रिड और अंडालूसिया के बीच सभी रेल सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं।

### नई पीढ़ी को काम सौंपने का वक्त : गडकरी

**नागपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में कैबिनेट मंत्री और बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष नितिन गडकरी ने रिटायरमेंट और नई पीढ़ी को काम सौंपने की वकालत की है। उन्होंने कहा कि जब गाड़ी ठीक से चलने लगे तो उसकी कमान नई पीढ़ी को दे देनी चाहिए और खुद पीछे हट जाना चाहिए। दरअसल, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नागपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विदर्भ खासदार औद्योगिक महोत्सव के बारे में बात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, 'जब चीजें सुचारू रूप से चलने लगें, तो पुरानी पीढ़ी को पीछे हट जाना चाहिए।' बता दें कि नागपुर में विदर्भ-खासदार औद्योगिक महोत्सव का आयोजन एसोसिएशन फॉर इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट (एआईडी) के अध्यक्ष आशीष काले ने किया था।
इसी कार्यक्रम में नितिन गडकरी ने रिटायरमेंट को लेकर अहम टिप्पणी की है।नितिन गडकरी ने कहा कि काले ने युवा पीढ़ी को 'एडवांटेज विदर्भ' पहल में शामिल किया है। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि धीरे-धीरे पीढ़ी में भी बदलाव आना चाहिए।'केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा, 'आशीष के पिता मेरे मित्र हैं। अब हमें धीरे-धीरे सेवानिवृत्त होना चाहिए और जिम्मेदारी नई पीढ़ी को सौंप देनी चाहिए और जब यह व्यवस्था सुचारू रूप से चलने लगे, तब हमें भी सेवानिवृत्त होकर कोई और काम करना चाहिए।'उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय इस आयोजन का उद्देश्य विदर्भ को भारत के औद्योगिक मानचित्र पर एक मजबूत और उभरते विकास केंद्र के रूप में स्थापित करना है।




# दक्षिण भारत का पहला कुंभ शुरू, 259 साल से बंद था महामाघ उत्सव

एजेंसी ▶▶| मल्लपुरम

केरल के मल्लपुरम जिले का मात्र 37 हजार की आबादी वाला छोटा सा कस्बा तिरुनावाया। वैसे तो यह जगह राज्य के प्राचीन भगवान नवमुकुंद (विष्णु) मंदिर और यहां हर 12 साल में होने वाले मामांकम उत्सव के लिए विख्यात है, लेकिन इस बार यहां 18 जनवरी से 'दक्षिण भारत का पहला कुम्भ' होने जा रहा है। यह दक्षिण की गंगा कही जाने वाली नीला नदी (भरतपुझा) के तट पर 3 फरवरी तक चलेगा। यह महामाघ उत्सव का बड़ा रूप है। जूना अखाड़ा, केरल की भारतीय धर्म प्रचार सभा इसके आयोजक हैं।

देशभर से लोग वहां पहुंच रहे हैं अवधेशानंदगिरी महाराज, आचार्य महामंडलेश्वर, जूना अखाड़ा खोल दिए है। राज्य में अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में हिंदुओं का इतना बड़ा जमावड़ा दक्षिण भारत में चर्चा का विषय बन गया है। सबसे बड़ी बात है कि अपने पहले कुम्भ के लिए स्थानीय लोग राज्य सरकार से मदद न मांगकर खुद खर्च उठा रहे हैं।



### पेशवाई जैसी रथयात्रा, अन्न प्रसादम की व्यवस्था भी

केरल सरकार पहले इस आयोजन में नहीं थी, लेकिन अब उसके देवासवम मंत्री वी.एन. वासवन कुम्भ के संरक्षक हैं। जिस तरह से उत्तर के कुम्भ की शुरुआत में पेशवाई निकलती है, ठीक वैसे ही इस कुम्भ में रथयात्रा निकलेगी। इसकी शुरुआत तमिलनाडु से होगी, जो 22 जनवरी को तिरुनावाया पहुंचेगी। 5 हजार से ज्यादा वॉलेंटियर हैं। 12 हजार भक्त अन्न प्रसादम की व्यवस्था संभाल रहे हैं।

### 259 साल से बंद परंपरा पुनः प्रारंभ

जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर आनंद वनम भारती ने बताया कि तिरुनावाया में महामाघ उत्सव की परंपरा 259 साल से बंद थी। हमने इसे कुम्भ के रूप में पुनर्जागृत किया है। जिस तरह से उत्तर में प्रयाग पितृ तर्पण और कुंभ का केंद्र है, वैसे ही दक्षिण में तिरुनावाया है।
**नीला नदी का पौराणिक महत्व :** नीला नदी भी पौराणिक है। यह तमिलनाडु से शुरू होकर केरल में बहती है। 209 किमी लंबी यह केरल की दूसरी सबसे बड़ी नदी है। कुंभ के दौरान काशी से आए 12 ब्राह्मण रोज शाम को नीला की आरती करेंगे। कुंभ आयोजकों का अनुमान है इसमें 5 लाख से ज्यादा लोग आएंगे। जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि महाराज, मां अमृतानंदमयी देवी, स्वामी चिदानंद पुरी, केरल के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर भी शामिल होंगे।

### देश में ब्रह्मा जी का दूसरा मंदिर, हुआ पहला स्नान

मंदिर के मुख्य पुजारी वासुदेव नंबूदिरी ने बताया कि मंदिर का आखिरी बार जीर्णोद्धार 1300 साल पहले हुआ था, इसका रिकॉर्ड उपलब्ध है। राजस्थान के पुष्कर के बाद ब्रह्मा जी का दूसरा मंदिर यहीं है। 18 जनवरी को माघी अमावस्या पर कुंभ का पहला स्नान हुआ। नदी तट पर दोनों ओर 2 किमी में घाट बने हैं। स्नान सिर्फ दिन में होंगे। रात में नहीं। बता दें कि बजट कम होने के कारण यहां प्रयागराज कुम्भ जैसी टेंट सिटी नहीं बनी है। लोगों ने अतिथियों के लिए अपने घर को फ्री गेस्ट हाउस के रूप में रखा है। घरों, दुकानों पर जो पोस्टर लगे हैं, उन पर लिखा है अतिथि देवो भवः की परंपरा हम निभाएंगे। मंदिर के 6 किमी के दायरे में 1500 घर इसके लिए तैयार किए गए हैं। अवधेशानंदगिरी महाराज, आचार्य महामंडलेश्वर, जूना अखाड़ा खोल दिए हैं।

यूएस की कंपनियों पर रोक लगा सकता है

# अमेरिका पर जवाबी टैरिफ की तैयारी में यूरोपियन यूनियन

एजेंसी ▶▶| लंदन

अमेरिका के यूरोपीय देशों पर टैरिफ के ऐलान के बाद अब यूरोपीयन यूनियन (ईयू) भी अमेरिका पर ट्रेड पाबंदियां लगाने की तैयारी में है। ईयू 'ट्रेड बाजूका' के इस्तेमाल पर विचार कर रहा है, जो यूरोपीय देशों पर जबरदस्ती आर्थिक दबाव बनाने पर काउंटर कार्रवाई करता है। इसके जरिए ईयू अमेरिका के सामानों पर जवाबी टैरिफ लगा सकता है, अमेरिकी कंपनियों को यूरोपीय मार्केट तक पहुंच से रोक सकता है या सरकारी ठेकों में अमेरिकी कंपनियों को भाग लेने से रोक सकता है।

साथ ही ईयू, अमेरिका के साथ हुए ट्रेड एग्रीमेंट की मंजूरी रोकने की तैयारी में हैं। जिसमें अमेरिकी उत्पादों पर 0% टैरिफ पर सहमति बनी थी।

### ट्रंप ने किया था ऐलान



*इससे पहले ट्रम्प ने ऐलान किया था कि 1 फरवरी 2026 से आठ यूरोपीय देशों- डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, नीदरलैंड और फिनलैंड के सामानों पर 10% टैरिफ लगाया जाएगा। वहीं अगर ग्रीनलैंड के 'बेचने या सौदे' पर कोई समाधान नहीं होता है, तो यह टैरिफ 1 जून से बढ़कर 25% कर दिया जाएगा। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को खरीदने या कंट्रोल करने का विरोध करने पर यूरोपीय देशों पर टैरिफ लगाया है। ईयू ने ट्रम्प की इस टैरिफ धमकी को असम्मानजनक और आर्थिक ब्लैकमेल करार दिया है।*

# आरएसएस-बीजेपी देश में 'खामोशी की संस्कृति' थोपना चाहती है : राहुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि आरएसएस और बीजेपी देश में 'खामोशी की संस्कृति' थोपने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि जनता की आवाज दबाई जा सके। कोच्चि में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस केरल में राजनीतिक लड़ाई लड़ रही है, वहीं राष्ट्रीय स्तर पर वह आरएसएस-बीजेपी की विचारधारा के खिलाफ वैचारिक संघर्ष कर रही है। यहां ग्राम, ब्लॉक और जिला पंचायतों के नवनिर्वाचित सदस्यों, नगर पालिकाओं और नगर निगमों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने उन्हें बधाई दी और कहा कि संविधान की रक्षा की जिम्मेदारी जमीनी स्तर से शुरू होती है। पंचायतें और स्थानीय निकाय लोकतंत्र की त्रि-स्तरीय व्यवस्था की नींव हैं।



### पंचायत मजबूत तो संविधान मजबूत

राहुल ने कहा, 'अगर हमें संविधान को बचाना है और उसे जीवित रखना है, तो हमें तीसरे स्तर यानी पंचायतों और स्थानीय निकायों को मजबूत करना होगा।' उन्होंने याद दिलाया कि 73वें और 74वें संविधान संशोधनों के जरिए स्थानीय निकायों को सशक्त बनाने की सोच कांग्रेस की ही देन है। उन्होंने आरएसएस-बीजेपी और कांग्रेस के बीच फर्क स्पष्ट करते हुए कहा कि जहां आरएसएस-बीजेपी केंद्रीकरण में विश्वास रखती है, वहीं कांग्रेस विकेंद्रीकरण की समर्थक है। 'आरएसएस और बीजेपी जनता से आंख मूंदकर अनुपालन चाहती हैं। वे भारत के लोगों की आवाज सुनना नहीं चाहतीं,' इस अवसर पर कांग्रेस महासचिव (संगठन) के. सी. वेणुगोपाल, दीपा दासमुंशी, सचिन पायलट सहित कई वरिष्ठ नेता और नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रसिद्ध लेखिका डॉ. लीलावती को प्रियदर्शिनी साहित्य पुरस्कार प्रदान करने के बाद हुई बातचीत का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने देश में फैल रही 'खामोशी की संस्कृति' पर चिंता जताई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस-बीजेपी का वैचारिक एजेंडा इसी खामोशी को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है।

# कराची के मॉल में आग से 6 की मौत, 20 गंभीर

एजेंसी ▶▶| कराची

कराची की व्यस्त एम ए जिन्ना रोड पर स्थित मल्टी-स्टोरी शॉपिंग मॉल गुल प्लाजा में शनिवार रात करीब 10:45 बजे अचानक भीषण आग लग गई। उस समय अधिकांश दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर चुके थे और घर लौट रहे थे। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरा मॉल धुएं और लपटों से घिर गया। इस हादसे में कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें एक फायरफाइटर भी शामिल है। वहीं 20 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। फायर ब्रिगेड की टीमों ने रविवार देर रात तक आग को नियंत्रित कर लिया था। दीवारों में दरारें पड़ गई हैं और एक तरफ का हिस्सा पूरी तरह से ढह गया है। कराची मॉल में घटना के समय मौजूद 20 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि, मॉल की संरचना बेहद जटिल होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन कठिन साबित हो रहा है।



### आग फैलने के कारण

आग इतनी तेजी से फैलने की वजह दुकानों में रखे सामान रहे। मॉल की दुकानों में आयातित कपड़े, प्लास्टिक के सामान और घरेलू चीजें बड़ी मात्रा में मौजूद थीं। ये सभी वस्तुएं आग पकड़ने में बेहद संवेदनशील थीं, जिसके चलते आग ने पूरे परिसर को तेजी से अपनी चपेट में ले लिया। सिंध के पुलिस प्रमुख जावेद आलम ओढ़ो ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (कैरेज वर्क्स), खड़गपुर वर्कशॉप, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **ई-निविदा सूचना संख्या: एलएचबीअपग्रेडटॉयलेट्स-1500-आर-1। कार्य का नाम:** वातानुकूलित/गैर वातानुकूलित एलएचबी कोचों के शौचालयों का क्रमोन्नयन (मात्रा: 1500 एलएचबी कोच)। **कार्य की जगह:** खड़गपुर वर्कशॉप, दक्षिण पूर्व रेलवे, पोस्ट: खड़गपुर, जिला: पश्चिम मेदिनीपुर, पिन-721301। **मात्रा:** 1500 एलएचबी कोच। **निविदा मूल्य:** ₹150,75,16,701.34। **बयाना राशि:** ₹76,87,600। **अनुबंध की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 48 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 25.03.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा दस्तावेज़ की कीमत :** शून्य। **बोली प्रणाली:** दो लिफाफा प्रणाली। **क्या संयुक्त उद्यम को बोली लगाने की अनुमति है:** हाँ। **पूर्व-बोली सम्मलेन आवश्यक:** हाँ। **पूर्व-बोली सम्मलेन की तारीख और समय:** 05.02.2026 को सुबह 11.00 बजे। **अनुबंध का प्रकार:** सामान्य खुले कार्यों की निविदा। **निविदा का प्रकार:** खुला। विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज़ ई-पोर्टल वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। (PR-1077)

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

निविदा- क्रमांकः सी.ए.ओ./सी/बी.एस.पी./25-26/24 दिनांकः 12.01.2026, (ओपेन ई-टेंडर) (टू पैकेट सिस्टम)

**कार्यः** "सारागांव स्टेशन पर पुल संख्या 46 के निरीक्षण क्रैडल का निर्माण, अकलतरा स्टेशन पर प्लेटफॉर्म का संशोधन/निर्माण और अकलतरा एवं सारागांव स्टेशन के बीच चौथी लाइन के निर्माण से संबंधित अन्य शेष कार्य।" **निविदा मूल्य- ₹ 10,67,12,455.82/-, अमानत राशि- ₹ 6,83,600.00/-, निविदा दस्तावेज की लागतः शून्य, कार्य पूरा होने की अवधिः 09** (नौ) महीने, स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से। **निविदा बंद होने का समय एवं दिनांकः 05/02/2026 को 15:00 बजे तक । निविदा खोलने का समय एवं दिनांकः 05/02/2026 को 15:30 बजे ।**

विस्तृत जानकारी/ निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, अथवा बिलासपुर-पिनः 495004 अथवा उप-मुख्य अभियंता/निर्माण/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर-पिनः 492009 अथवा मुख्य परियोजना प्रबंधक/पश्चिम/निर्माण/नागपुर/ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर-पिनः 440001 के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है, उसे डाउनलोड कर/देख सकते हैं।

*उप मुख्य अभियंता/निर्माण*
*सीपीआर/10/620 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर*

South East Central Railway @secrail

**एनएमडीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
'खनिज भवन', 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मसाब टैंक, हैदराबाद-500028
कॉर्पोरेट आइडेंटिटी नंबर (CIN)-L13100TG1958GO1001674
NMDC

**निर्माण विभाग, अनुबंध विभाग**
**ई-निविदा सूचना (घरेलू निविदा के लिए खुली निविदा पूछताछ)**

**निविदा पूछताछ संख्या: एचओ (वर्क्स)/एनसीएल/वि.-13/2026/305, दिनांक 20-01-2026**

भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अधीन एक "नवरत्न" सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी, एनएमडीसी लिमिटेड, एनएमडीसी-सीएमडीसी लिमिटेड (एनएमडीसी लिमिटेड और सीएमडीसी लिमिटेड का एक संयुक्त उद्यम) की ओर से, **बैलाडीला लौह अयस्क भंडार-13 खदान में दो वर्षों में 40 लाख टन शुद्ध लौह अयस्क और 0.74 लाख टन अपशिष्ट/निम्न श्रेणी के लौह अयस्क के उत्खनन के लिए संयंत्र और खनन मशीनरी किराए पर लेने के कार्य हेतु** अनुभवी घरेलू बोलीदाताओं से **एमएसटीसी पोर्टल** के माध्यम से **ऑनलाइन बोलियां** आमंत्रित करती है। **इस कार्य में ड्रिलिंग, उत्खनन, क्रशिंग और स्क्रीनिंग, वजन, निर्दिष्ट क्षेत्रों में भंडारण, परिवहन और खदान के शीर्ष पर ग्राहकों के टिपर/ट्रक में लौह अयस्क की लोडिंग के लिए निविदा दस्तावेज में विस्तृत खनन उपकरणों का उपयोग शामिल है। कार्य का अनुमानित मूल्य 158.73 करोड़ रुपये (जीएसटी सहित) है।**

विस्तृत एनआईटी और बोली दस्तावेज **20-01-2026** से **10-02-2026** तक **निम्नलिखित वेबसाइट लिंक** से देखे और/या डाउनलोड किए जा सकते हैं;
1. एनएमडीसी वेबसाइट - **https://nmdcportals.nmdc.co.in/nmdctender**
2. केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल- **https://www.eprocure.gov.in/epublish/app** और निविदा पूछताछ संख्या के माध्यम से निविदा खोजें
3. एमएसटीसी पोर्टल - **https://www.mstcecommerce.com/eprocn/**

बोलीदाताओं को एमएसटीसी वेबसाइट पर जाना होगा (अनुकूलता के लिए माइक्रोसॉफ्ट एज ब्राउज़र का उपयोग करें) और निविदा कार्यक्रम संख्या **एनएमडीसी/प्रधान कार्यालय/अनुबंध/57/25-26/ET/648[MD और SSM जमा-13]** खोजना होगा। बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन अपनी बोलियां जमा करें। ऑनलाइन बोली जमा करने का विवरण एनआईटी में दिया गया है। बोलीदाताओं को भविष्य में किसी भी प्रकार के शुद्धिपत्र के लिए नियमित रूप से एनएमडीसी की वेबसाइट / सीपीपी पोर्टल / एमएसटीसी पोर्टल पर जाना होगा।
अधिक जानकारी के लिए, निम्नलिखित से संपर्क किया जा सकता है -
**जीएम (खनन)**, एनसीएल से +916281740955 पर या **सीईओ**, एनसीएल से +919425266334 पर, ईमेल: contracts@nmdc.co.in

**कार्यकारी निदेशक (निर्माण)**

**SBI**
**भारतीय स्टेट बैंक**
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**नियमित/संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

नियमित/संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/22 (संविदा पद)

| पद का नाम | रिक्ति | आयु (31.12.2025 तक) न्यूनतम | आयु (31.12.2025 तक) अधिकतम |
|---|---|---|---|
| उपाध्यक्ष (यूएक्स) | 1 | 40 | 50 |
| उप उपाध्यक्ष (यूएक्स) | 1 | 36 | 44 |
| सहायक उपाध्यक्ष (यूएक्स) | 1 | 32 | 40 |
| वरिष्ठ विशेष कार्यकारी (यूआई और यूएक्स) | 3 | 28 | 37 |

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/22 (नियमित पद)

| पद का नाम | श्रेणी | रिक्ति | आयु (31.12.2025 तक) न्यूनतम | आयु (31.12.2025 तक) अधिकतम |
|---|---|---|---|---|
| उप प्रबंधक (यूआई और यूएक्स) | एमएमजीएस-II | 6 | 25 | 35 |

पात्रता मानदंड (आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** पर लॉग ऑन करें, जहाँ उपरोक्त विस्तृत विज्ञापन उपलब्ध हैं. इसके साथ आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और साथ ही साथ आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया **"CONTACT US"→"Post Your Query"** लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की वेबसाइट **(https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query)** पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 16.01.2026 से 05.02.2026 तक.**

**स्थान:** मुंबई
दिनांक: 16.01.2026
**महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)**

# सहायक अनुसंधान अधिकारी के डिमोशन आदेश पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

आदिम जाति विकास विभाग रायपुर में सहायक अनुसंधान अधिकारी के पद पर पदस्थ मीनाक्षी भगत को छत्तीसगढ़ शासन के आदेश 31 दिसंबर 2025 के तहत सहायक सांख्यिकी अधिकारी के पद पर डिमोशन करने पर कोर्ट ने रोक लगा दी है। मीनाक्षी भगत की नियुक्ति सहायक सांख्यिकी अधिकारी के पद पर वर्ष 2008 में हुई थी।

विभाग द्वारा जारी वरिष्ठता सूची में मीनाक्षी भगत का नाम वरीयता क्रम में प्रथम होने के कारण विभागीय पदोन्नति समिति ने मीनाक्षी भगत को उपयुक्त पाए हुए पदोन्नति की अनुशंसा की गई थी जिसके आधार पर आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा दिसंबर 2022 में मीनाक्षी भगत की पदोन्नति सहायक अनुसंधान अधिकारी के पद पर किया गया था, किंतु उपरोक्त विभाग के अन्य अनुसंधान सहायकों द्वारा न्यायालय में मीनाक्षी भगत के प्रमोशन तथा विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा को चैलेंज करते हुए याचिका दायर की थी साथ ही साथ विभाग के समक्ष सामूहिक अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया था विभाग द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन का परीक्षण किया, परीक्षण उपरांत



पाया कि वर्ष 2016 एवं 2020 में विभाग द्वारा सहायक अनुसंधान अधिकारी/सहायक नियोजन अधिकारी/सहायक सांख्यिकी अधिकारी के लिए संयुक्त सूची तैयार किया गया था दोनों संवर्ग की संयुक्त सूची तैयार कर अधिकारियों का चयन किया गया था। संयुक्त सूची तैयार करते हुए विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक 28 दिसंबर 2022 की बैठक का पुनरीक्षित बैठक 11 दिसंबर 2025 को आयोजित की गई। विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा उक्त बैठक में समिति द्वारा मीनाक्षी भगत के नाम पर विचार करते हुए संवर्ग में पद रिक्त नहीं होने से अनुशंसा नहीं होने के कारण सहायक अनुसंधान अधिकारी से सहायक सांख्यिकी अधिकारी के पद पर डिमोशन किया जाना है। राज्य शासन के द्वारा विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक की अनुक्रम में मीनाक्षी भगत को सहायक सांख्यिकी अधिकारी के पद पर डिमोशन किया जाता है का आदेश पारित किया गया, जिससे क्षुब्ध होकर मीनाक्षी भगत द्वारा हाईकोर्ट अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी और नरेंद्र मेहेर के माध्यम से याचिका प्रस्तुत की। जिसकी सुनवाई न्यायमूर्ति पीपी साहू के यहां हुई याचिकाकर्ता के अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी द्वारा यह आधार लिया गया कि, याचिकाकर्ता मीनाक्षी भगत का प्रमोशन सहायक अनुसंधान अधिकारी के पद पर दिसंबर 2022 में हुई थी तब से लेकर आज तक वह इस पद में नियमित रूप से कार्य करते हुए आ रही थी किंतु विभाग द्वारा बिना कोई सूचना की डिमोशन किया जाना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के विपरीत उपरोक्त आधारों पर न्यायालय ने आदिम जाति विकास विभाग द्वारा जारी डिमोशन आदेश 31 दिसंबर 2025 के क्रियान्वयन पर रोक लगाते हुए उत्तरवादीगणो को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।


## Office of The Superintending Engineer
### Chhattisgarh Rural Road Development Agency
### Project Circle Raigarh, Distt-Raigarh (C.G.)

**-: e-Procurement Tender Notice :-**

NIT No 150[1st] Call/Tender/CGRRDA/2026 Raigarh Date: 19.01.2026

Superintending Engineer, CGRRDA, Project Circle Raigarh (C.G.) on behalf of Governor of Chhattisgarh invites package wise bids in electronic tendering system for construction of road under PMGSY (D.M.F.) work for District of the state as per BOQ from the eligible Contractors/Firms registerd with unified registration system (e-registration) for the work mentioned below. Date of release of invitation for bids through e-procurement.

| No. | NIT No | Work Name | Package No /Amount (Rs. in Lakh i/c GST) | District | Category of Contractor | Rate invited |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 150 | Construcion Work Under PMGSY (D.M.F.) | DMF RGH-04 = 888.51 DMF RGH-05 749.12 Total 1637.63 | Raigarh | B & Above | Percentage rate of PMGSY SOR Date 06.06.2025 issued by CE, CGRRDA, Raipur |

Availability of Bid Document and mode of submission:- The bid document is available online, should be submitted in https://eproc.cgstate.gov.in. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bid, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorised certifying authorities.
Detailed N.I.T. and other Details can be viewed on our website https://eproc.cgstate.gov.in from Date 21.01.2026, 5:00 PM & onwards. In future any releated corrigendum would be seen in the notice section of this website.

(Sunil Namdeo)
Superintending Engineer
Chhattisgarh Rural Road Development Agency
Project Circle, Raigarh (C.G.)

S-46606


## खारुन नदी पर स्टॉप डैम तो बना लेकिन रास्ता नहीं, हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया

मोहरा और हरदीडीह गांवों के बीच खारून नदी पर सिंचाई विभाग द्वारा बनाए गए स्टॉप-डैम के बगल से अब तक कोई रास्ता नहीं बन पाया है। मामले को संज्ञान में लेते हुए हाईकोर्ट ने वॉटर रिसोर्स डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी (रायपुर) को अप्रोच रोड बनाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में अपना पर्सनल एफिडेविट फाइल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 9 फरवरी को होगी।

मोहरा और हरदीडीह गांवों के बीच खारून नदी पर सिंचाई विभाग द्वारा बनाया गया स्टॉप-डैम आज तक अपनी उपयोगिता साबित नहीं कर पाया है। इसके निर्माण के समय स्थानीय निवासियों ने आने-जाने की सुविधा के लिए प्रावधान की मांग की थी। हरदीडीह 3 गांव की ओर वाला डैम अभी भी सड़क से नहीं जुड़ पाया है। सुविधाओं के नजरिए से इसे एक बड़ा वरदान माना जा रहा था। डैम से सिंचाई होने पर मोहरा के निवासियों के लिए बिलासपुर आना-जाना आसान हो जाता, लेकिन, अब यह डैम सरकारी फाइलों में सजावट के अलावा कुछ नहीं रह गया है। स्टॉप-डैम एक छोर पर मोहरा से दूसरे छोर पर हरदीडीह के किनारे तक फैला हुआ है। हरदीडीह की तरफ निजी जमीन होने के कारण निर्माण रोकना पड़ा। सिंचाई विभाग ने न तो ज़मीन खरीदने का प्रोसेस शुरू किया और न ही मुआवज़ा देकर सड़क तक रास्ता बनाने की कोशिश की। इस वजह से, यह रास्ता पिछले 12 सालों से अधूरा पड़ा है। इस समाचार पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की डीबी ने संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की। इस मामले में आज हुई सुनवाई में राज्य की ओर से पेश हुए एडिशनल एडवोकेट जनरल ने कहा कि, जिस स्टॉप-डैम की बात हो रही है, वह साल 2015 में ही बन चुका था और आस-पास के गांवों को पानी दे रहा है। जहां तक अप्रोच रोड की बात है, उस पर ध्यान देने की ज़रूरत है। उन्होंने आगे कहा कि सेक्रेटरी, वॉटर रिसोर्स डिपार्टमेंट, छत्तीसगढ़ सरकार, रायपुर, इस पीआइएल में एक ज़रूरी और इंटरेस्टेड पार्टी हैं और अपना पर्सनल एफिडेविट फाइल कर सकते हैं।। कोर्ट ने कहा कि इन बातों को ध्यान में रखते हुए, छत्तीसगढ़ सरकार के वॉटर रिसोर्स डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी, रायपुर को आज इस पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन में पार्टी रिस्पॉन्डेंट के तौर पर शामिल किया जाएगा। छत्तीसगढ़ सरकार के वॉटर रिसोर्स डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी, रायपुर को अप्रोच रोड बनाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में अपना पर्सनल एफिडेविट फाइल करने का निर्देश दिया गया है। अगली सुनवाई 9 फरवरी को निर्धारित की गई है।


MATTERNO-PPS/187A/26 DATE-16/01/2026
## Police Public School, Raipur
(CBSE Affiliation No.: 3330379)
Pension Bada Raipur (C.G.) Contact-0771-4907612
E-Mail info@policepublicschoolcg.edu.in
Website-www.policepublicschoolcg.edu.in

**Recruitment for session 2026-27**

Police Public School, Raipur is recruiting candidates for various categorics. If you are a thorough professional and are interested, kindly apply.

**Essential Criteria - Excellent communication in English**

| Post | Subject | No. of Post | Qualification | Exp. | Age | Salary |
|---|---|---|---|---|---|---|
| PGT | History | 1 | M.A.(History) and B.Ed. | Min. 3 Years | Below 40 Years | Min. 35 K |
| | Physical Activity Trainer | 2 | M.P.Ed | | | |
| TGT (9 & 10) | English | 1 | M.A. (English) and B.Ed. | Min. 3 Years | Below 40 Years | Min. 25 K |
| TGT (6 to 8) | Science | 2 | M.Sc. (Biology/Chemistry/ Physics) and B.Ed. | Min. 3 Years | Below 35 Years | Min. 20 K |
| PRT (1 to 5) | English | 4 | M.A. (English) and B.Ed. | Min. 3 Years | Below 30 Years | Min. 18 K |
| | Hindi | 1 | M.A.(Hindi/ Sanskrit) and B.Ed. | | | |
| | Math | 1 | M.Sc.(Math) and B.Ed. | | | |
| PPRT | | 3 | NTT or Montessori trained graduates. | Min. 3 Years | Below 30 Years | Min. 18 K |

Kindly mention the post clearly in your application.

You may email your CV in the prescribed format (Please check website for details.) or even submit it at the school office on or before 1st February, 2026. Interviews will be conducted in the second week of February, 2026. Only short listed candidates will be called after each level.

Principal
Police Public School
Pension Bada Raipur (C.G.)

G.- 252606146/1



## छत्तीसगढ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर
**प्रथम निविदा ई- प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)**
Website - www.cgmsc.gov.in
Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in

| स.क्र. | नि.आ.सू. क्र. | कार्य का नाम | राशि (रु.लाख) |
|---|---|---|---|
| 1 | 10684 | जिला कांकेर अंतर्गत नवीन नर्सिंग महाविद्यालय एवं छात्रावास भवन का निर्माण कार्य। (प्रपत्र-अ) | 935.45 |
| 2 | 10685 | जिला महासमुंद में नवीन शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय एवं छात्रावास भवन का निर्माण कार्य। (प्रपत्र-अ) | 931.31 |
| 3 | 10686 | जिला कोरबा में नवीन शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय एवं छात्रावास भवन का निर्माण कार्य। (प्रपत्र-अ) | 931.32 |
| 4 | 10687 | जिला बलरामपुर वि.ख. रामानुजगंज (रामचन्द्रपुर) के स्थान सनावल में नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य। (प्रपत्र-अ) | 233.86 |
| 5 | 10688 | जिला कोरबा के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ढोढ़ीपारा का हमर अस्पताल के में उन्नयन कार्य। (प्रपत्र-अ) | 49.39 |
| 6 | 10689 | जिला नारायणपुर के 100 बिस्तर मातृत्व शिशु अस्पताल भवन में ई.टी.पी. का कार्य। (प्रपत्र-ब) | 15.00 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 22/01/2026 से देखी जा सकती है। जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 13/02/2026 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रकिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी।

संवाद-46605 sd/- अधीक्षण अभियंता



## संचालनालय वित्तीय प्रबंध एवं सूचना प्रणाली, छत्तीसगढ़ मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/1/251272/2026 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 16/01/2026

संचालनालय वित्तीय प्रबंध एवं सूचना प्रणाली, छत्तीसढ़ अंतर्गत SELECTION OF TECHNICAL CONSULTANCY SERVICE FOR VALIDATION AND SCRUTINY OF ESTIMATES AND THE COST ANALYSIS FOR PROJECTS UNDERTAKEN BY THE GOVERNMENT OF CHHATTISGARH हेतु आमंत्रित ऑनलाईन निविदा से संबंधित तिथियां निम्नानुसार संशोधित की जाती है:-

(अ) ई-निविदा जमा करने की प्रारंभ तिथि दिनांक 17.12.2025
(ब) ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि- दिनांक 27.01.2026 समय अपरान्ह 3:30 बजे
(स) ई-निविदा खोलने की तिथि दिनांक 28.01.2026 समय पूर्वान्ह 11:30 बजे

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट https://finance.cg.gov.in/ से प्राप्त की जा सकती है। निविदा में संशोधन एवं उक्त निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना उपरोक्त वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।
(संचालक द्वारा अनुमोदित)

सहायक संचालक वित्तीय प्रबंध एवं सूचना प्रणाली, छत्तीसगढ़

जी. 252606124/2


## हाईकोर्ट में साबित नहीं हो सकी क्रूरता, पत्नी की मौत मामले में पति 19 साल बाद दोषमुक्त

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने दहेज मृत्यु के एक पुराने मामले में अहम फैसला सुनाते हुए पति को दोषमुक्त कर दिया है। न्यायमूर्ति राजनी दुबे की एकलपीठ ने वर्ष 2007 में ट्रायल कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा को रद्द करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष दहेज मांग और मौत से ठीक पहले क्रूरता को साबित करने में असफल रहा है। प्रकरण के मुताबिक बलौदाबाजार निवासी उदय भारती की पत्नी सीमा की 6 नवंबर 2006 को फांसी लगने से मौत हो गई थी। इस मामले में ट्रायल कोर्ट ने उदय भारती को धारा 304-बी (दहेज मृत्यु) के तहत 7 साल और 498-ए (दहेज प्रताडना) के तहत 3 साल की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ उदय भारती ने हाईकोर्ट में अपील दायर की थी।हाईकोर्ट ने रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्यों का गहन परीक्षण करते हुए माना कि, मृतका की मौत आत्महत्या थी, न कि हत्या। दहेज मांग और प्रताड़ना को लेकर गवाहों के बयान सामान्य, विरोधाभासी और अप्रमाणित हैं। मौत से ठीक पहले दहेज के लिए क्रूरता का कोई ठोस प्रमाण नहीं है। कोर्ट ने यह भी माना कि मृतका के माता-पिता और परिजनों ने कथित प्रताड़ना के बावजूद कभी पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई, न ही परिवारों के बीच कोई बैठक या मध्यस्थता हुई।

**स्वतंत्र गवाह ने नहीं किया समर्थन**-मामले में मकान मालकिन, जो स्वतंत्र गवाह थीं, उसने भी अदालत में कहा कि पति-पत्नी सामान्य रूप से रह रहे थे। केवल शराब पीने की बात सामने आई, जिसे कोर्ट ने दहेज प्रताड़ना नहीं माना। हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि केवल सामान्य आरोपों के आधार पर दहेज मृत्यु का दोष सिद्ध नहीं किया जा सकता, जब तक कि कानून की अनिवार्य शर्तें पूरी न हों। हाईकोर्ट ने अपील स्वीकार करते हुए ट्रायल कोर्ट का फैसला निरस्त कर दिया है।


## Public Work Department
## Office of The Superintending Engineer, PWD, Bridge Circle Raigarh (C.G.)

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**
**(2nd Call)**
**(TENDER PUBLICATION)**
**PUBLIC WORK DEPARTMENT**
**GOVT. OF CHHATTISGARH**
Memo No. 106/NIT No. 22/Setu/2025-26
Raigarh, Dated 16.01.2026

The Superintending Engineer, PWD, Bridge Concstruction Circle Raigarh (C.G.) Pin no. 496001, invites on behalf of Governor of Chhattisgarh, sealed offers in two bid system from the eligible Consultants/bidders for following work.

**Name of Work :-** For Selection of Consultancy for preparation of Feasibility report for Construction of a flyover for bypassing heavy vehical on Kotra road Dhimrapur chowk-Urdana chowk-Jindal Road. (Length - 5.300 KM).

**Earnest Money** Rs. 1,00,000.00/- (One Lakh) Cost of Tender Rs. 5000/- (Five Thousand) Time Allowed 3 (Three) Months Last date of receipt of application for issues of tender document upto 17:00 PM-on 30/01/2026 Other details can be seen at official Website of PWD CG https://eproc.cgstate.gov.in/, https://cgstate.gov.in https://pwd.cg.nic.in on Notice Board & in the O/o The Superintending Engineer, PWD, Bridge Concstruction Circle Raigarh Pin no. 496001.

Superintending Engineer
P.W.D. Bridge Circle Raigarh (C.G.)

G-252606120/2



## कार्यालय नगर पंचायत वाड्रफनगर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

क्रमांक / 33 / लो.नि.वि. / न.पं./2026 वाड्रफनगर, दिनांक-16/01/2026

**// मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैनुअल पद्धति द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (रू. लाख में) | समय अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 01 में मरकाम बाबू के घर से सब्बीर के घर होते हुए तारिक अब्दुल्ला के घर तक सी. सी. रोड टॉपिंग कार्य। | 2.70 | 1.निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि व समय - 06.02.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक। 2. निविदा खोलने की तिथि व समय -06.02.2026 को अपरान्ह 4:00 बजे। |
| 2 | वार्ड क्र. 01 में सब्बीर के घर से गनेशरी आलम के घर होते हुए श्रवण ठाकुर के घर तक सी. सी. रोड टॉपिंग कार्य। | 3.79 | |
| 3 | वार्ड क्र. 01 में मस्जिद से सुरेश कश्यप के घर तक सी.सी रोड टॉपिंग कार्य। | 1.13 | |
| 4 | वार्ड क्र. 01 में धमेन्द्र देवांगन के घर से शिवशंकर सोनी के घर होते हुए कलाम के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 3.81 | |
| 5 | वार्ड क्र. 02 में नन्दु कुशवाहा के घर से कमक्षया यादव के घर तक सी.सी. रोड टॉपिंग कार्य। | 2.90 | |
| 6 | वार्ड क्र. 02 में बलंगी रोड से तिराहा तक सी.सी. रोड टॉपिंग कार्य। | 0.96 | |
| 7 | वार्ड क्र. 02 में बब्लु यादव के घर से राजेश कुशवाहा के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 1.86 | |
| 8 | वार्ड क्र. 03 में किशोरी के घर से सरवर आलम के घर तक सी.सी रोड निर्माण कार्य। | 3.80 | |
| 9 | वार्ड क्र. 03 में सुनिल कश्यप के घर से शांति के घर तक सी.सी रोड निर्माण कार्य। | 1.72 | |
| 10 | वार्ड क्र. 03 में शांति के घर से रघुनाथ के घर तक सी.सी रोड टॉपिंग कार्य। | 1.70 | |
| 11 | वार्ड क्र. 03 में रघुनाथ के घर से नरेश के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 3.45 | |
| 12 | वार्ड क्र. 03 में संतोष के घर से महावीर के घर तक सीसी रोड टॉपिंग कार्य। | 0.60 | |
| 13 | वार्ड क्र. 03 में महावीर के घर से नरेश के घर तक सी.सी रोड निर्माण कार्य। | 4.73 | |
| 14 | वार्ड क्र. 04 में अंकित गुप्ता के घर से सी.सी. रोड तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 1.20 | |
| 15 | वार्ड क्र. 04 में रामसेवक के घर से दारू भट्ठी रोड तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 1.83 | |
| 16 | वार्ड क्र. 04 में नसीर सिद्धीकी के घर से शमशेर आलम के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 2.29 | |
| 17 | वार्ड क्र. 04 में अम्बिकापुर रोड से मदन गुप्ता के बाऊण्ड्री तक सी.सी. रोड टॉपिंग कार्य। | 2.53 | |
| 18 | वार्ड क्र. 04 में अम्बिकापुर रोड से मदन गुप्ता के बाऊण्ड्री तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 3.66 | |
| 19 | वार्ड क्र. 05 में सुनिल कुशवाहा के घर से विद्यांशु जायसवाल के बाऊण्ड्री तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 2.06 | |
| 20 | वार्ड क्र. 05 में दीपक चौबे के घर से रामचरण के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 1.51 | |
| 21 | वार्ड क्र. 05 में मगरू के घर से आनंद यादव के घर के तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 7.05 | |
| 22 | वार्ड क्र. 05 में संजय के घर से जगत पाल अधीक्षक के घर से आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 2.06 | |
| 23 | वार्ड क्र. 05 में बी.टी रोड से सुनिता के बाऊण्ड्री तक आर.सी. सी नाली निर्माण कार्य। | 1.71 | |
| 24 | वार्ड क्र. 06 शब्बीर के घर से जमालुदीन के घर तक सी.सी रोड निर्माण कार्य। | 4.13 | |
| 25 | वार्ड क्र. 06 झरी के घर से बी.टी. रोड तक सी.सी रोड निर्माण कार्य। | 1.72 | |
| 26 | वार्ड क्र. 07 में कछिया रोड से प्रियम दुबे के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 4.13 | |
| 27 | वार्ड क्र. 07 में हॉस्पिटल रोड से उमेश पटवा के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 4.77 | |
| 28 | वार्ड क्र. 07 में धान खरीदी केन्द्र से हॉस्पिटल रोड होते हुए पटेल के घर तक सी.सी. निर्माण कार्य। | 5.51 | |
| 29 | वार्ड क्र. 07 में ओमप्रकाश कनौजिया के घर से चिंटू पटेल के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 1.72 | |
| 30 | वार्ड क्र. 08 में होम्योपैथिक अस्पताल से तिराहा तक आर.सी.सी नाली निर्माण कार्य। | 2.88 | |
| 31 | वार्ड क्र. 08 में मुकेश होटल के घर से रमेश पटेल के घर तक आर.सी.सी नाली निर्माण कार्य। | 5.58 | |
| 32 | वार्ड क्र. 09 में अम्बिकापुर रोड से राधे श्याम कुशवाहा के घर तक सी.सी रोड निर्माण कार्य। | 8.24 | |
| 33 | वार्ड क्र. 10 में चंदन कुशवाहा के घर से सीसी रोड तक सी.सी रोड टॉपिंग कार्य। | 1.21 | |
| 34 | वार्ड क्र. 10 में लखन ठाकुर के घर से गंगा गोस्वमी एवं पटेल घर से संजय गोस्वमी के घर तक सी.सी रोड टॉपिंग कार्य। | 1.03 | |
| 35 | वार्ड क्र. 10 में हॉस्पिटल रोड से देवसाय के घर तक आर.सी.सी नाली निर्माण कार्य। | 1.23 | |
| 36 | वार्ड क्र.11 सर्वजीत कुशवाहा के घर से पास सी.सी रोड निर्माण कार्य। | 2.23 | |
| 37 | वार्ड क्र. 11 धनसिंह के घर से पुलिया तक आर.सी.सी नाली निर्माण कार्य। | 5.35 | |
| 38 | वार्ड क्र. 12 में शम्भु के घर के पास सी.सी रोड निर्माण कार्य। | 5.28 | |
| 39 | वार्ड क्र. 12 में जोगेन्द्र यादव के घर से होते हुए संजय कुशवाहा के घर से रामांशकर साहु के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 2.42 | |
| 40 | वार्ड क्र. 13 में प्रतापपाल के घर से बेचन कुशवाहा के घर तक सी.सी टॉपिंग कार्य। | 2.84 | |
| 41 | वार्ड क्र. 13 में मारकण्डे मिश्रा के घर से विजय कुर्रे के घर तक सी.सी रोड टॉपिंग कार्य। | 1.51 | |
| 42 | वार्ड क्रमांक 13 में बनारसी यादव के घर से सुदामा यादव के घर होते हुए असीर अंसारी के से रमेश पटेल के घर तक सी.सी. रोड टॉपिंग कार्य। | 4.70 | |
| 43 | वार्ड क्र. 13 में मुख्य मार्ग से देवीधाम तक सी.सी. रोड टापिंग कार्य। | 0.78 | |
| 44 | वार्ड क्र. 13 में हिरालाल के घर से अनुपम उपाध्याय के घर तक आर.सी.सी नाली निर्माण कार्य। | 6.53 | |
| 45 | वार्ड क्र. 14 में कॉलेज गेट से प्रदीप जायसवाल के घर होते हुए जानसाय के घर तक आर. सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 6.01 | |
| 46 | वार्ड क्र. 14 में रामप्रसाद पोर्ते के घर से रामदास पोर्ते के घर होते हुए अम्बिका डॉ0 के घर तक आर.सी.सी नाली निर्माण कार्य। | 2.80 | |
| 47 | वार्ड क्र. 14 में अशोक कुशवाहा से राजेन्द्र विश्वकर्मा के घर तक सी.सी रोड टॉपिंग कार्य। | 1.57 | |
| 48 | वार्ड 15 में बोधन के घर से संगीता कुशवाहा के घर होते हुए देवकिशुन के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 6.66 | |

उपरोक्त निर्माण कार्यों के निविदा की समान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभाग के वेबसाईट https://uad.cg.gov.in/ में देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है अथवा कार्यालयीन अवधी में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

*पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलिथीन का उपयोग न करें।*

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत वाड्रफनगर जिला-बलरामपुर-रा.गंज (छ.ग.)

संवाद- 46601


## राशिफल

**मेष** — परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** — सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।


**धनु** — जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

## शब्द पहेली - 6114



**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

**शब्द पहेली- 6113 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | गा | म | ■ | अ | ■ | त | र | ब | त | र |
| ल | ■ | त | म | स | ■ | ह | म | ला | ■ | खै |
| क | श | ■ | ■ | ल | ■ | ल | ■ | ■ | का | ल |
| ■ | ही | ■ | क | हा | नी | का | र | ■ | र | ■ |
| ब | द | मा | श | ■ | र | ■ | च | म | क | ना |
| ■ | ■ | ■ | ल | क्ष | ■ | सी | ना | ■ | ■ | ■ |
| र | त | ज | गा | ■ | आ | ■ | का | म | या | ब |
| ■ | र | ■ | ना | ना | स | सु | र | ■ | च | ■ |
| रा | ह | ■ | ■ | म | ■ | रा | ■ | ■ | क | म |
| ह | ■ | त | ना | व | ■ | पा | य | ल | ■ | हु |
| त | ल | ब | गा | र | ■ | न | ■ | ब | ल | वा |

## सूडोकु नवताल - 6124
★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6123 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

## खबर संक्षेप

### भारत कोकिंग कोल का शेयर 97 फीसदी बढ़क सूचीबद्ध



**नई दिल्ली।** कोल इंडिया की इकाई भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) का शेयर अपने निर्गम मूल्य 23 रुपये से 96.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 45.21 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 96.56 प्रतिशत अधिक था।

### टेक महिंद्रा का लाभ बढ़कर 1,122 करोड़ रुपए




**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टेक महिंद्रा का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 14.11 प्रतिशत बढ़कर 1,122 करोड़ रुपये रहा। महिंद्रा समूह की कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसने 983.2 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### बीएचईएल का लाभ तीन गुना होकर 390.40 करोड़



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारत हेवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड (बीएचईएल) का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ तीन गुना होकर 390.40 करोड़ रुपये रहा। यह वृद्धि मुख्य रूप से प्रमुख क्षेत्रों से प्राप्त राजस्व में वृद्धि के कारण हुई। 2024-25 की तीसरी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 134.70 करोड़ रुपये रहा था।

### टाटा टेक्नोलॉजीज का लाभ 96 प्रतिशत घटा




**नई दिल्ली।** वैश्विक उत्पाद इंजीनियरिंग और डिजिटल सेवा कंपनी, टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 96 प्रतिशत घटकर 6.64 करोड़ रुपये रहा। इसकी मुख्य वजह श्रम संहिता का असर है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में 168.64 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा कमाया था।

### जेबी फार्मा का लाभ 22% बढ़कर 198 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** जेबी केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 198 करोड़ रुपये रहा। दवा कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष के इसी समय में 162 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था। दिसंबर तिमाही में राजस्व बढ़कर 1,065 करोड़ रुपये हो गया।

### पीएनबी का तीसरी तिमाही में मुनाफा 13 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 5,100 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 4,508 करोड़ रुपये रहा था। पीएनबी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कुल आय सालाना आधार पर बढ़कर 37,253 करोड़ रुपये हो गई है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 34,752 करोड़ रुपये थी।

# भारत में सोने की चमक से घर-घर बढ़ी दौलत, परिवारों की संपत्ति 117 लाख करोड़ बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- आंकड़ा एचडीएफसी म्यूचुअल फंड ईयरबुक 2026 ने जारी किया

सोने की कीमतों में तेज उछाल ने साल 2025 में भारतीय परिवारों की संपत्ति को रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचा दिया। एचडीएफसी म्यूचुअल फंड ईयरबुक 2026 के मुताबिक, बीते साल भारतीय घरों की कुल संपत्ति में करीब 117 लाख करोड़ रुपए यानी लगभग 1.3 खरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई। इस बढ़ी हुई संपत्ति का असर परिवारों की खर्च करने की क्षमता और वित्तीय भरोसे पर भी साफ दिखाई दिया। रिपोर्ट में बताया गया है कि सोने की कीमतों में आई तेजी के कारण यह पिछले 25 वर्षों की सबसे बड़ी संपत्ति बढ़ोतरी है। 2025 में 15 दिसंबर तक सोने की कीमत प्रति 10 ग्राम करीब 57,000 रुपए बढ़ गई। इससे पहले 2024 में भी सोने के दाम 14,000 रुपए प्रति 10 ग्राम चढ़े थे। लगातार दो साल की इस मजबूती ने भारतीय परिवारों के पास मौजूद सोने की कीमत को कई गुना बढ़ा दिया।

## बीते साल भारतीय घरों की कुल संपत्ति में लगभग 1.3 खरब डॉलर की बढ़ोतरी

### बिटकॉइन जैसे विकल्प कमजोर साबित हुए

*वैश्विक स्तर पर 2025 में सोना, यूरोप और उभरते बाजारों के शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि ऑयल, अमेरिकी डॉलर और बिटकॉइन जैसे विकल्प कमजोर साबित हुए। कई साल की तेजी के बाद स्मॉल-कैप और मिड-कैप शेयरों में भी गिरावट देखी गई और करीब 30 फीसदी स्मॉल-कैप स्टॉक्स अपने 52 हफ्तों के उच्च स्तर से 30 फीसदी से ज्यादा टूट चुके हैं। एचडीएफसी म्यूचुअल फंड ने कहा है कि नए निवेशकों के लिए हाइब्रिड फंड बेहतर विकल्प हो सकते हैं, जिनमें इक्विटी, डेट और सोने का संतुलित मिश्रण रहता है और जोखिम को संभालना आसान होता है।*



### शेयर बाजार में सुस्ती, सोने ने संभाला मोर्चा

*एचडीएफसी म्यूचुअल फंड ईयरबुक में कहा गया है कि 2025 भारतीय शेयर बाजार के लिए अपेक्षाकृत कमजोर साल रहा। वैश्विक बाजारों की तुलना में भारत का प्रदर्शन फीका पड़ा, जिससे दुनिया के कुल शेयर बाजार मूल्य में भारत की हिस्सेदारी घट गई। निफ्टी का प्रदर्शन वैश्विक और उभरते बाजारों के मुकाबले करीब 25 फीसदी कमजोर रहा, जो करीब तीन दशक का सबसे खराब प्रदर्शन माना जा रहा है।*

### सोने के बदले लोन में भी इजाफा

सोने की कीमत बढ़ने का एक असर यह भी दिखा कि गोल्ड के बदले लिए जाने वाले रिटेल लोन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई। जब सोने की वैल्यू बढ़ती है, तो लोग जरूरत के समय इसे गिरवी रखकर कर्ज लेना ज्यादा सुरक्षित मानते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में जब शेयर बाजार स्थिरता के दौर से गुजर रहा था, तब सोना एक भरोसेमंद और सुरक्षित निवेश बनकर उभरा।

चीन और इंडोनेशिया की कतार में भारत होगा शामिल

# भारत वर्ष 2030 तक बन सकता है उच्च मध्यम आय वाला देश: एसबीआई रिसर्च

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत वर्ष 2030 तक 'उच्च-मध्यम आय' वाला देश बनकर चीन एवं इंडोनेशिया की कतार में शामिल हो जाएगा और यह 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर भी अग्रसर है।

सोमवार को एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई। विश्व बैंक प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) के आधार पर देशों का वर्गीकरण निम्न आय, निम्न-मध्यम आय, उच्च-मध्यम आय और उच्च आय वाले देशों के रूप में करता है। वर्ष 1990 में विश्व बैंक के इस वर्गीकरण के तहत कुल 218 देशों में से 51 निम्न आय, 56 निम्न-मध्यम आय, 29 ऊपरी-मध्यम आय और 39 उच्च आय वाले देश थे।

### 2024 में 87 देश उच्च आय वाले थे

हालांकि वर्ष 2024 में प्रकाशित नवीनतम वर्गीकरण के तहत 26 देश निम्न आय, 50 निम्न-मध्यम आय, 54 उच्च-मध्यम आय और 87 उच्च आय वाले देश थे। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट कहती है कि भारत को आजादी के बाद निम्न-मध्यम आय वाले वर्गीकरण से बाहर निकलने में 60 साल लग गए।

**वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की और अग्रसर**

**विश्व बैंक प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय पर वर्गीकरण करता है**

**भारत को निम्न-मध्यम आय वर्ग से बाहर निकलने में 60 साल लग गए**

### 2030 तक 4000 डॉलर प्रति व्यक्ति होगी आय

रिपोर्ट कहती है, /"भारत अगले चार वर्षों में 2030 तक 4,000 डॉलर प्रति व्यक्ति आय हासिल करने की राह पर है जिससे वह उच्च-मध्यम आय वाला देश बन जाएगा और चीन एवं इंडोनेशिया के मौजूदा समूह का हिस्सा बन जाएगा।/ रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2047 तक भारत को उच्च-आय वाला देश बनने के लिए प्रति व्यक्ति जीएनआई को 7.5 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि दर से बढ़ाना होगा जो हासिल किया जा सकता है।



### अमेरिकी अर्थव्यवस्था अब भी सबसे बड़ी

एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट कहती है कि भारत वर्ष 2028 तक पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर है जबकि 2035 तक यह 10 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी अर्थव्यवस्था अब भी सबसे बड़ी है जबकि उसके बाद चीन का स्थान आता है। हालांकि भारत 2028 तक जर्मनी को पछाड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

### 1962 में प्रति व्यक्ति आय 90 डॉलर थी

इसकी 1962 में प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय 90 डॉलर थी जो 2007 तक 910 डॉलर हो गई। इसके बाद भारत ने 2009 में प्रति व्यक्ति आय 1,000 डॉलर, 2019 में 2,000 डॉलर और 2026 तक 3,000 डॉलर प्रति व्यक्ति आय हासिल कर 'उच्च-मध्यम आय' वाला देश बनने की दिशा में कदम रख दिया है।

### भारत 1990 में 14वीं बड़ी अर्थव्यवस्था था

*भारत वर्ष 1990 में दुनिया की 14वीं बड़ी अर्थव्यवस्था था लेकिन 2025 में उसने चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का तमगा हासिल कर लिया। एसबीआई रिसर्च ने कहा, /"भारत को अपने सुधारों के कार्यक्रम को जारी रखना चाहिए ताकि वह अतिरिक्त और तेजी से होने वाली आर्थिक वृद्धि हासिल कर सके, जो इसे उच्च-आय वाले देश की श्रेणी तक पहुंचाने के लिए जरूरी है।/"*

### भारत की प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी

*रिपोर्ट के अनुसार, भारत की प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी और मौजूदा कीमतों पर जीडीपी में औसतन 11-11.5 प्रतिशत की दर से वृद्धि संभव है, जो देश को 2030 तक उच्च-मध्यम आय और 2047 तक उच्च आय वाले देश की श्रेणी में लाने में मददगार होगी।*

# शोध को बढ़ावा देने बजट में नीतिगत प्रोत्साहन मिले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- एमपीसी सदस्य नागेश ने सरकार से आरएंडडी पर ध्यान देने कहा
- दीर्घकालिक पूंजी सुनिश्चित करने एक संस्थागत कोष बनाना चाहिए

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य नागेश कुमार ने सोमवार को कहा कि सरकार को आगामी बजट में आरएंडडी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत प्रोत्साहन देना चाहिए और उद्योग के लिए दीर्घकालिक पूंजी सुनिश्चित करने हेतु एक संस्थागत कोष बनाना चाहिए।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को वित्त वर्ष 2026-27 का आम बजट पेश करेंगी। कुमार ने कहा, ''विनिर्माण आधारित वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए आम बजट 2026-27 में भारतीय कंपनियों की अपनी शोध एवं विकास (आरएंडडी) गतिविधियों को प्रोत्साहित करने हेतु कुछ नीतिगत उपायों पर विचार करना चाहिए। इससे उनकी उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करने में मदद मिलेगी।'' नागेश कुमार ने कहा कि शोध, विकास और नवाचार (आरडीआई) तथा अनुसंधान राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन (एएनआरएफ) हाल के समय में अपनाए गए महत्वपूर्ण उपाय हैं। उन्होंने कहा, ''लेकिन इन्हें कॉरपोरेट आरएंडडी गतिविधियों के प्रोत्साहनों के साथ पूरक बनाने की आवश्यकता है।'' एमपीसी सदस्य ने कहा कि आरएंडडी खर्च के लिए 200 प्रतिशत 'भारित कर कटौती' को बहाल करना ऐसी ही एक नीति हो सकती है।

### ट्रंप की नीतियों के कारण रुपए में आई गिरावट

भारतीय मुद्रा की विनिमय दर में गिरावट पर कुमार ने कहा कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की निकासी, ट्रंप की शुल्क नीतियों और भारत के निर्यात पर उनके प्रभाव के बारे में अनिश्चितता जैसे कारकों के चलते रुपये में गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि मुद्रा के मूल्य में गिरावट भारत के निर्यात और विनिर्माण क्षेत्र के लिए मददगार है और इस बारे में बहुत अधिक चिंतित होने की जरूरत नहीं है।

# सरकार ने गेहूं के आटे के निर्यात की अनुमति दी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- तीन साल के अंतराल के बाद निर्यात की आंशिक अनुमति
- गेहूं के आटे व उससे संबंधित उत्पादों का होगा निर्यात

सरकार ने पांच लाख टन गेहूं के आटे और उससे संबंधित उत्पादों के निर्यात की अनुमति दे दी है। एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। निर्यात पर लगे प्रतिबंध में यह आंशिक ढील तीन साल से अधिक के अंतराल के बाद दी गई है। केंद्र सरकार ने साल 2022 में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। भारत इस जिंस का एक प्रमुख उत्पादक देश है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 16 जनवरी की अपनी अधिसूचना में कहा, ''गेहूं के आटे और संबंधित उत्पादों का निर्यात प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि, मौजूदा नीतिगत शर्तों के अतिरिक्त, पांच लाख टन तक गेहूं के आटे और संबंधित उत्पादों के निर्यात की अनुमति दी गई है।''डीजीएफटी ने कहा कि जो आवेदक इस उत्पाद का निर्यात करना चाहते हैं, उन्हें महानिदेशालय से अनुमति लेनी होगी और इसके लिए आवेदन करना होगा। अधिसूचना के मुताबिक पहले चरण के तहत आवेदन 21 जनवरी, 2026 से 31 जनवरी, 2026 तक दिए जा सकते हैं। इसमें कहा गया कि इसके बाद जब तक निर्यात की निर्धारित मात्रा उपलब्ध रहेगी, तब तक हर महीने के अंतिम दस दिनों के दौरान आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे।

## स्मार्टफोन निर्यात अप्रैल- नवंबर में 43.7 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** देश का स्मार्टफोन निर्यात चालू वित्तवर्ष के अप्रैल-नवंबर की अवधि के दौरान 43.7 प्रतिशत बढ़कर 18.8 अरब डॉलर रहा। वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-नवंबर की अवधि में यह 13.08 अरब डॉलर और वित्त वर्ष 2023-24 की अवधि के दौरान यह 9.07 अरब डॉलर था। आंकड़ों के अनुसार, निर्यात के लिए संयुक्त राष्ट्र अमेरिका मुख्य गंतव्य था। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), चीन, पुर्तगाल और स्पेन का स्थान था। भारत में बने स्मार्टफोन स्लोवाकिया, इजराइल, लातविया, वियतनाम और दक्षिण कोरिया जैसे नए बाजार में भी अपनी जगह बना रहे हैं।

# रिलायंस, आईसीआईसीआई बैंक में बिकवाली से बाजार फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- सेंसेक्स 324 और निफ्टी 109 अंक टूटा
- रिलायंस में तीन फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज
- कंपनियों के कमजोर तिमाही परिणाम आना भी एक वजह

वैश्विक स्तर पर शुल्क से जुड़ी अनिश्चितताएं बढ़ने और रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं आईसीआईसीआई बैंक में भारी बिकवाली होने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 324 अंक के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 109 अंक टूटा। कारोबारियों के मुताबिक, कंपनियों के अपेक्षाकृत कमजोर तिमाही नतीजों, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी आने और शेयर बाजार से विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से भी निवेशक धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 324.17 अंक गिरावट के साथ 83,246.18 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 672.04 अंक तक फिसलकर 82,898.31 पर आ गया था। वहीं, निफ्टी 108.85 अंक यानी 0.42 प्रतिशत टूटकर 25,585.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में सर्वाधिक 3.04 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। कंपनी ने तीसरी तिमाही में 18,645 करोड़ रुपये का लगभग स्थिर शुद्ध लाभ दर्ज किया है।

### ट्रंप की धमकी से निवेशक का रुख सोने की और

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा यूरोप के आठ देशों पर नए शुल्क लगाने की धमकी से वैश्विक जोखिम धारणा कमजोर हुई है, जिससे निवेशक सोना जैसी सुरक्षित परिसंपत्तियों का रुख कर रहे हैं। इस बीच, रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 14 पैसे गिरकर 90.92 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

# मुद्राकोष ने भारत का वृद्धि दर अनुमान बढ़ाकर किया 7.3%

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- आईएमएफ ने भारतीय अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए किया
- वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया गया

अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने सोमवार को भारतीय अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया जो अक्टूबर में जारी अनुमान से 0.7 प्रतिशत अंक अधिक है।

वाशिंगटन स्थित बहुपक्षीय वित्तीय संस्था ने अपनी 'विश्व आर्थिक परिदृश्य' रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भी भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया गया है, जो पहले 6.2 प्रतिशत था। आईएमएफ ने कहा, "भारत में 2025 (वित्त वर्ष 2025-26) के लिए वृद्धि अनुमान को 0.7 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया गया है। इसका कारण तीसरी तिमाही में अपेक्षा से बेहतर आर्थिक प्रदर्शन और चौथी तिमाही में मजबूत रफ्तार है।, मुद्राकोष ने कहा कि आने वाले समय में भारत की वृद्धि दर में कुछ नरमी आ सकती है। वित्त वर्ष 2026-27 और 2027-28 में भारत की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, क्योंकि चक्रीय एवं अस्थायी कारकों का प्रभाव धीरे-धीरे कम होगा। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में भारत की जीडीपी वृद्धि दर आठ प्रतिशत रही।

### खुदरा मुद्रास्फीति 4 फीसदी पर रखने का लक्ष्य

*भारतीय रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर सीमित रखने का लक्ष्य मिला हुआ है। वैश्विक स्तर पर आईएमएफ ने कहा कि वैश्विक आर्थिक वृद्धि 2026 में 3.3 प्रतिशत और 2027 में 3.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि दर इन दोनों वर्षों में चार प्रतिशत से थोड़ा अधिक रहने की संभावना है।*

### चीन के लिए अनुमान 0.2 फीसदी बढ़ाकर 5 फीसदी किया

मुद्राकोष ने चीन के लिए 2025 की वृद्धि दर का अनुमान 0.2 प्रतिशत अंक बढ़ाकर पांच प्रतिशत कर दिया है। वहीं, वैश्विक महंगाई 2025 में अनुमानित 4.1 प्रतिशत से घटकर 2026 में 3.8 प्रतिशत और 2027 में 3.4 प्रतिशत रहने की उम्मीद जताई गई है।

# चीन की आर्थिक वृद्धि दर 2025 में पांच प्रतिशत पर

- निर्यात के दम पर पांच फीसदी बढ़कर 2001 अरब डॉलर हुई
- चीन की सबसे बड़ी कमजोरी घरेलू खपत में आई सुस्ती है

एजेंसी ▶▶| बीजिंग



चीन की अर्थव्यवस्था अमेरिकी शुल्क के बावजूद मजबूत निर्यात के दम पर पिछले साल पांच प्रतिशत बढ़कर 2001 अरब डॉलर तक पहुंच गई। वहीं इसकी सबसे बड़ी कमजोरी घरेलू खपत सुस्त बनी रही।

चीन के राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो (एनबीएस) द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 2025 में चीन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वार्षिक आधार पर पांच प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह देश के करीब पांच प्रतिशत के वार्षिक लक्ष्य के अनुरूप है। एनबीएस के आंकड़ों के अनुसार, जीडीपी 21010 अरब डॉलर (140,187.9 अरब युआन) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। यह पहली बार 2000 अरब डॉलर के आंकड़े को पार पहुंची है। घरेलू चुनौतियों की एक श्रृंखला के कारण अंतिम तिमाही में वृद्धि दर तीन साल के निचले स्तर 4.5 प्रतिशत पर आ गई। यह 2022 की अंतिम तिमाही के बाद से चीन की सबसे धीमी तिमाही वृद्धि थी जब कोविड-19 संकट के कारण इसमें केवल तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

## पायलट संगठन एफआईपी ने की डीजीसीए की आलोचना

# इंडिगो मामले में डीजीसीए की कार्रवाई बहुत मामूली

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- एयरलाइन पर 22.20 करोड़ के जुर्माना को बहुत ही मामूली करार दिया

पायलट संगठन एफआईपी ने दिसंबर में बड़े पैमाने पर उड़ानें बाधित होने के मामले में इंडिगो एयरलाइन पर विमानन नियामक डीजीसीए द्वारा लगाए गए 22.20 करोड़ रुपए के जुर्माने को 'बहुत ही मामूली' करार देते हुए सोमवार को इसकी कड़ी आलोचना की। भारतीय पायलट महासंघ (एफपीआई) ने कहा कि यात्रियों और विमानों की सुरक्षा से किसी भी सूरत में समझौता नहीं किया जा सकता है। उसने उड़ानों को रद्द करने की अवधि पर डीजीसीए की जांच को लेकर भी सवाल उठाए। डीजीसीए ने शनिवार को विस्तृत जांच के बाद दिसंबर के शुरुआती दिनों में हजारों उड़ानें रद्द करने के लिए इंडिगो पर कुल 22.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था।

### उड़ानें रद्द होने की अवधि पर उठाए सवाल

इसके साथ ही रंधावा ने इंडिगो की उड़ानें रद्द होने की अवधि को सिर्फ तीन-पांच दिसंबर तक रखे जाने पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि उड़ान रद्दीकरण दो दिसंबर से 15 दिसंबर तक चला था। एफआईपी ने अमेरिका के परिवहन विभाग का उदाहरण देते हुए कहा कि उसने दिसंबर 2022 में उपभोक्ता संरक्षण कानूनों के उल्लंघन पर साउथवेस्ट एयरलाइंस पर 14 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाया था, जिसे प्रभावित यात्रियों में बांटा गया।




**क्या सिर्फ चेतावनी देना ही कड़ी कार्रवाई है** : इस जुर्माने को बहुत मामूली बताते हुए एफआईपी अध्यक्ष जी. एस. रंधावा ने कहा कि यह कार्रवाई मजाक जैसी है। इतनी बड़ी अव्यवस्था के बावजूद सिर्फ चेतावनी दी गई और एक अधिकारी को हटाया गया।

### प्रतिदिन 30 लाख रुपए के हिसाब से लगाया गया जुर्माना

डीजीसीए ने अपनी जांच में पाया कि तीन से पांच दिसंबर के बीच इंडिगो की कुल 2,507 उड़ानें रद्द होने और 1,852 उड़ानों के संचालन में देरी होने से देशभर के हवाई अड्डों पर तीन लाख से अधिक यात्री प्रभावित हुए। नियामक ने पांच दिसंबर, 2025 से 10 फरवरी,2026 तक 68 दिनों की अवधि में निर्देशों का अनुपालन न करने के लिए एयरलाइन पर 20.40 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया, जो प्रतिदिन 30 लाख रुपये के हिसाब से है।

### पीटर व इसिद्रे को चेतावनी दी गई

इसके साथ ही एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पीटर एल्बर्स और मुख्य परिचालन अधिकारी इसिद्रे प्रोक्वेरस को चेतावनी दी गई, जबकि परिचालन नियंत्रण केंद्र (ओसीसी) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेसन हर्टर को मौजूदा पद से हटाने का भी आदेश दिया गया।

# वनडे के बाद भारत के सामने टी20 सीरीज में न्यूजीलैंड की चुनौती, शेड्यूल पर हेड-टू-हेड नजर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 वनडे मैचों की सीरीज 1-2 से गंवाने के बाद भारतीय टीम को इसी टीम के खिलाफ 5 टी20 मैचों की सीरीज खेलनी है। टी20 सीरीज 21 से 31 जनवरी तक खेली जानी है। वनडे सीरीज गंवाने के बाद टी20 सीरीज जीतना भारतीय टीम के लिए बड़ी चुनौती है। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज विश्व कप से ठीक पहले है।

भारत विश्व कप का सह-मेजबान है। ऐसे में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज जीत भारतीय टीम का आत्मविश्वास बढ़ाएगी। भारतीय टीम अपनी धरती पर और वो भी टी20 फॉर्मेट में काफी मजबूत है। हालांकि न्यूजीलैंड के प्रदर्शन को देखते हुए उसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। इसलिए टी20 सीरीज के रोमांचक होने की उम्मीद है।



### टी20 सीरीज का शेड्यूल

टी20 सीरीज के शेड्यूल पर गौर करें तो पहला मैच 21 जनवरी को नागपुर में, दूसरा मैच 23 जनवरी को रायपुर में, तीसरा मैच 25 जनवरी को गुवाहाटी में, चौथा मैच 28 जनवरी को विशाखापत्तनम में और पांचवां मैच 31 जनवरी को तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा। सभी मैच भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे से खेले जाएंगे।

### टीमें इस प्रकार

**टीम इंडिया**
सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (पहले तीन टी20 के लिए), हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उपकप्तान), रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, ईशान किशन (विकेटकीपर), रवि बिश्नोई।

**न्यूजीलैंड**
मिशेल सेंटनर (कप्तान), डेवोन कोनवे, बेवन जेकब्स, टिम रॉबिनसन, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, जैक फॉक्स, डेरिल मिचेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, जेकब डफी, काइल जेमीसन, ईश सोढ़ी और मैट हेनरी।

## हम पर्याप्त समय तक बल्लेबाजी नहीं कर पाए : गिल

**इंदौर।** न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में पहली हार न केवल आंकड़ों के लिहाज से एक झटका थी, बल्कि इससे एक असहज स्पष्टता भी उजागर हुई और कप्तान शुभमन गिल ने हार के अंतर या कुछ खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी का बहाना नहीं बनाया। श्रृंखला के तीसरे और अंतिम मैच में भारतीय टीम की पराजय के बाद गिल ने एक ऐसे पैटर्न का खुलासा किया, जिसने उनके शब्दों में, 'दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया।' गिल ने मैच के बाद कहा, 'ऐसा नहीं है कि हमने खराब बल्लेबाजी की। बात यह थी कि हम पर्याप्त देर तक बल्लेबाजी नहीं कर पाए। जब बल्लेबाजों को अच्छी शुरुआत मिलती है और वे उसे बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर पाते तो



स्थिति बहुत मुश्किल हो जाती है। हमारे कम से कम दो बल्लेबाजों को लंबी पारी खेलनी चाहिए थी। यही उनके और हमारे बीच का अंतर रहा।' भारत पूरी श्रृंखला में अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाया, जिसमें इंदौर में खेला गया मैच भी शामिल है। शुभमन ने कहा, 'जब भी उनके बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की तो वह बड़ा स्कोर बनाने में सफल रहे। श्रृंखला में इसी ने मुख्य अंतर पैदा किया। पहले दो मैचों में मैं भी जम गया था, लेकिन मैं उसे 100, 120 या 130 रन में नहीं बदल पाया। बल्लेबाजी इकाई के रूप में हमें इसमें सुधार करने की जरूरत है।' रविंद्र जडेजा पिछले कुछ मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए लेकिन गिल ने कहा कि हार के लिए सभी खिलाड़ी जिम्मेदार हैं।

## खबर संक्षेप



### भगत और कदम ने जीते पैरा बैडमिंटन में स्वर्ण

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमोद भगत और सुकांत कदम ने काहिरा में मिस्र पैरा बैडमिंटन आमंत्रण टूर्नामेंट 2026 में अपने अपने एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के बाद टीम वर्ग में भी स्वर्ण हासिल किया। भगत ने एसएल3 पुरुष एकल फाइनल में उमेश विक्रम कुमार को हराकर पीला तमगा हासिल किया। उन्होंने यह मुकाबला 19-21, 21-15, 21-13 से जीता। एसएल 4 पुरुष एकल में सुकांत ने भारत के सूर्यकांत यादव को 27-25, 21-18 से मात दी। दोनों ने पुरुष युगल में उमेश और सूर्यकांत को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

### 25 जनवरी से पहली कबड्डी चैंपियंस लीग




**नई दिल्ली।** पहली कबड्डी चैंपियंस लीग (केसीएल) का आयोजन 25 जनवरी से 7 फरवरी तक हरियाणा स्थित खेल विश्वविद्यालय में किया जाएगा। आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की। केसीएल ने आधिकारिक तौर पर पहले सत्र के लिए मैचों का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। यह प्रतियोगिता 12 दिन तक चलेगी, जिसमें आठ फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इन टीम में सोनीपत स्टार्स, गुरुग्राम गुरुज, हिसार हीरोज, भिवानी बुल्स, रोहतक रॉयल्स, करनाल किंग्स, पानीपत पैंथर्स और फरीदाबाद फाइटर्स शामिल हैं। इस प्रतियोगिता का आयोजन लीग प्रारुप में किया जाएगा, जिसमें सभी टीम एक दूसरे का सामना करेंगी।

### 2 फरवरी से मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए के ड्रॉ मैच




**मुंबई।** मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125के सीरीज टेनिस टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ के मैच 2 से 8 फरवरी तक महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस संघ के परिसर में खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग राउंड के मैच 30 जनवरी से एक फरवरी तक खेले जाएंगे। इसमें एकल और युगल मुकाबले शामिल होंगे। एकल वर्ग में जिन खिलाड़ियों ने खेलने की पुष्टि कर दी है उनमें न्यूजीलैंड की लुलु सन, लातविया की डारजा सेमेनिस्टाजा, ऑस्ट्रेलिया की किम्बर्ली बिररेल, बेल्जियम की हैने वैंडविंकेल, चीनी ताइपे की जोआना गारलैंड और फ्रांस की लियोलिया जेजेन शामिल हैं। पिछले साल की उपविजेता थाईलैंड की मनंचया सवांगकाव भी इसमें भाग लेंगी। भारतीय खिलाड़ियों के नाम बाद में वाइल्ड कार्ड के जरिए मुख्य ड्रॉ की सूची में शामिल किए जाएंगे।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन: कोको गॉफ, अनिसिमोवा और मेदवेदेव ने दूसरे दौर में बनाई जगह

# 113वीं रैंकिंग की सोनमज ने किया बड़ा उलटफेर रूस की एकातेरिना को तीन सेट में हराया

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न


तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को अपनी सर्विस पर कुछ परेशानी का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद वह अमांडा अनिमिसोवा और दानिल मेदवेदेव के साथ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रही। तुर्की की 113वीं रैंकिंग की जेनेप सोनमज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 का पहला सबसे बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने 11वीं वरीय एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को तीन सेट में 7-5, 4-6, 6-4 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बना ली। मैच के दौरान सोनमज ने बाल गर्ल की मदद की और चर्चा का विषय बनीं।

### डबल फॉल्ट की समस्या से जूझी कोको

गॉफ ने पहले दौर के मैच में कामिला रखिमोवा को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से पराजित किया। गॉफ ने दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं, लेकिन मेलबर्न पार्क में वह कभी सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई हैं। पिछले साल वह क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गई थीं। अमेरिकी खिलाड़ी को फिर से डबल फॉल्ट की समस्या से जूझना पड़ा। दूसरे दौर में गॉफ का सामना ओल्गा डैनिलोविच से होगा। डैनिलोविच ने रविवार को पहले दौर के मैच में 45 वर्षीय वीनस विलियम्स को हराया था।

### मेदवेदेव ने जोंग को हराया

पुरुषों के वर्ग में कनाडा की सातवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स औगर अलियासिमे ने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस के खिलाफ अपना मैच बीच में ही छोड़ दिया। दो घंटे से कुछ अधिक समय तक चले इस मैच में तब बोर्गेस 3-6, 6-4, 6-4 से आगे चल रहे थे।ऑस्ट्रेलियाई ओपन में तीन बार के उपविजेता दानिल मेदवेदेव ने जेस्पर डी जोंग को 7-5, 6-2, 7-6 (2) से हराकर ऑस्ट्रेलिया में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। उन्होंने ब्रिस्बेन में खिताब जीता था।




### मैच के दौरान बॉल गर्ल की मदद करने के बाद छाई जेनेप



तुर्की की जेनेप सोनमज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 का पहला सबसे बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने 11वीं वरीय एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को तीन सेट में 7-5, 4-6, 6-4 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बना ली। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे राउंड में पहुंचने वाली पहली तुर्किश महिला खिलाड़ी बन गई हैं। 113वीं रैंकिंग की टेनिस खिलाड़ी के जबरदस्त खेल की चर्चा हर तरफ हो रही है, मगर वो इससे ज्यादा तो मैच के दौरान बॉल गर्ल की मदद करने के लिए छाई हुई हैं। दरअसल सोनमज पहला सेट जीतकर दूसरे सेट अपने नाम मुकाबला जीतने के लिए जब जोर लगा रही थी, तभी एक बॉल गर्ल बेहोश हो गई, जिसकी मदद के लिए उन्होंने दौड़ लगाई। हालांकि इसके बाद वह दूसरा सेट हार गई। तीसरे सेट में उन्होंने वापसी करते हुए टूर्नामेंट का पहला बड़ा उलटफेर कर दिया।

### सोनमज ने किया सर्विस रोकने का अनुरोध

रूसी खिलाड़ी एलेक्जेंड्रोवा जब दूसरे सेट के लिए सर्व करने की तैयारी कर रही थी, तो अंपायर की कुर्सी के पास खड़ी बॉल गर्ल अपनी पीठ के बल गिर गई, लेकिन तुरंत उठ गई। हालांकि इसके बाद भी वह बीमार नजर आ रही थी। वो फिर से गिरती, उसे पहले बॉल गर्ल को बचाने के लिए 113वीं रैंक वाली सोनमज ने एलेक्जेंड्रोवा से सर्व रोकने का अनुरोध किया और बॉल गर्ल के पास जाकर उसे कोर्ट से बाहर ले जाने में मदद की।

## फुटबॉल

# सेनेगल का अफ्रीका कप पर कब्जा, मोरक्को को हराया



एजेंसी ▶▶| रबात

सेनेगल ने पेप गुये के अतिरिक्त समय में किए गए गोल की मदद से मेजबान मोरक्को को 1-0 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशंस फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। बेहद तनावपूर्ण परिस्थितियों में खेले गए फाइनल में दोनों टीम निर्धारित समय तक गोल नहीं कर पाई थी लेकिन आखिर में पेप गुये निर्णायक गोल करने में सफल रहे। फाइनल मैच में तनाव काफी बढ़ गया था। मैच के दौरान ऐसा समय भी आया जब दर्शकों ने मैदान पर घुसने की कोशिश की।




### विरोध में मैदान से बाहर चले गए सेनेगल के खिलाड़ी

यही नहीं सेनेगल के खिलाड़ी दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी के फैसले के विरोध में मैदान से बाहर चले गए थे। यह स्पष्ट नहीं था कि खेल जारी रह पाएगा या नहीं क्योंकि प्रशंसक सुरक्षाकर्मियों से भिड़ गए थे। इसके कारण 14 मिनट तक खेल नहीं हो पाया था। खेल शुरू होने पर सेनेगल के एडुआर्ड मेंडी ने ब्राहिम डियाज़ की पेनल्टी को आसानी से बचा लिया। इसके बाद गुये ने अतिरिक्त समय के चौथे मिनट में विजयी गोल दागा। मोरक्को की पराजय के कारण 69,500 दर्शकों की क्षमता वाला प्रिंस मौले अब्देल्लाह स्टेडियम अंतिम सीटी बजते ही खाली होने लग गया था। सेनेगल के खिलाड़ियों को ट्रॉफी उठाते हुए देखने के लिए बहुत कम लोग बचे थे। सेनेगल ने दूसरी बार अफ्रीका कप जीता। इससे पहले वह 2021 में चैंपियन बना था।

## एसए20

# सनराइजर्स शीर्ष स्थान पर एमआई केपटाउन बाहर



एजेंसी ▶▶| गक्बेरहा

सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने अपने ऑलराउंड खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए एमआई केपटाउन को सात विकेट से हराकर एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट की अंक तालिका में अपना शीर्ष स्थान पक्का किया।

सनराइजर्स की इस जीत से एमआई केपटाउन की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद पर भी पानी फिर गया। उसे आगे बढ़ने के लिए बोनस अंक के साथ जीत की जरूरत थी लेकिन उसके बल्लेबाज कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए। एमआई केपटाउन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 148 रन बनाए। उसकी तरफ से रीज़ा हेंड्रिक्स ने नाबाद 70 रन (44 गेंदें, आठ चौके, एक छक्का) और जॉर्ज लिंडे ने 17 गेंदों में 30 रन (चार छक्के) का योगदान दिया लेकिन यह बोनस अंक के साथ जीत हासिल करने के लिए पर्याप्त नहीं था। सनराइजर्स की तरफ से क्रिस ग्रीन ने 29 रन देकर तीन विकेट लिए। सनराइजर्स ने 19.5 ओवर में तीन विकेट पर 149 रन बनाकर जीत दर्ज की। क्विंटन डीकॉक (49 गेंदों में 56 रन, छह चौके, दो छक्के) ओर मैथ्यू ब्रीत्ज़के (55 गेंदों में 66 रन, आठ चौके) ने दूसरे विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी करके उसकी जीत सुनिश्चित की।

### भारत में टी20 वर्ल्ड कप खेलो या बाहर हो आईसीसी की बीसीबी को दो टूक

*नई दिल्ली। आईसीसी ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से कहा है कि भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में भागीदारी को लेकर 21 जनवरी तक फैसला ले या 7 फरवरी से शुरू हो रहे टूर्नामेंट से बाहर होने को तैयार रहे। आईसीसी और बीसीबी के बीच बातचीत के बावजूद मसले का कोई हल नहीं निकल पाया है। यह संकट बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 से बाहर किए जाने के बाद शुरू हुआ। आईसीसी के सूत्र ने कहा,' बीसीबी अधिकारियों को 21 जनवरी तक फैसला लेने के लिए कहा गया है। अगर वे भारत आने से इनकार करते हैं तो रैंकिंग के आधार पर किसी दूसरी टीम को चुन लिया जाएगा।' सुरक्षा चिंताओं और राष्ट्रीय गौरव का हवाला देकर बीसीबी ने कहा है कि उसकी टीम कोलकाता और मुंबई में विश्व कप के लीग मैच खेलने भारत नहीं जाएगी। टूर्नामेंट का कार्यक्रम घोषित हो चुका है लिहाजा आईसीसी बांग्लादेश के मैच श्रीलंका में स्थानांतरित नहीं करेगी। बांग्लादेश अगर आने से इनकार करता है तो मौजूदा रैंकिंग के आधार पर स्कॉटलैंड को मौका मिल सकता है।*

# इंडोनेशिया मास्टर्स : अच्छा प्रदर्शन करने पर भारतीय खिलाड़ियों की निगाह

### आज से शुरू 5 लाख अमेरिकी डॉलर की इनामी स्पर्धा

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पिछले सप्ताह घरेलू धरती पर खेले गए इंडिया ओपन के निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोड़कर मंगलवार से यहां शुरू होने वाले 500,000 अमेरिकी डॉलर इनामी इंडोनेशिया मास्टर्स में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे।

### लक्ष्य सेन की भिड़ंत सिंगापुर के तेह से

पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतने वाले सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे, जबकि एचएस प्रणय को मलेशिया के पूर्व विश्व नंबर दो



और पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ली ज़ी जिया की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। पिछले साल मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल के फाइनल में पहुंचने वाले किदाम्बी श्रीकांत का मुकाबला जापान के कोकी वातानाबे से, जबकि थारुन मन्नेपल्ली का मुकाबला जापान के युशी तनाका से होगा।

### सिंधू करेंगी सुइजू के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत

महिला एकल में पांचवीं वरीयता प्राप्त पीवी सिंधू जापान की मनामी सुइजू के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। सिंधू को इंडिया ओपन के पहले दौर में ही वियतनाम की विश्व में नंबर 23 गुयेन थुई लिन्ह से हार का सामना करना पड़ा था। जूनियर विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा का मुकाबला जापान की चौथी वरीयता प्राप्त तोमोका मियाजाकी से होगा। उन्नति हुडा पहले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त चेन युफेई का सामना करेंगी जबकि मालविका बंसोड का मुकाबला कनाडा की छठी वरीयता प्राप्त मिशेल ली से होगा।

## मैड्रिड को 'लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवाड्‌र्स' की मेजबानी

**मैड्रिड।** मैड्रिड लगातार तीसरे वर्ष 'लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवाड्‌र्स' की मेजबानी करेगा। आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की। पिछले साल की तरह यह पुरस्कार समारोह 20 अप्रैल को सिबेल्स पैलेस में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने कहा, 'मैड्रिड ने 2024 में पहली बार लॉरियस पुरस्कारों की मेजबानी की थी और उसके बाद शहर को 'लॉरियस स्पोर्ट फॉर गुड' से बहुत फायदा हुआ।'' '2026 में होने वाले पुरस्कार समारोह में एक बार फिर खेलों से जुड़े दिग्गजों के साथ मनोरंजन, संस्कृति और फैशन जगत की कुछ बड़ी हस्तियां भी इसमें शामिल होंगी। सात प्रमुख श्रेणियों में से प्रत्येक में विजेता रहने वाले को प्रतिष्ठित लॉरियस प्रतिमा प्रदान की



जाएगी।' मैड्रिड समुदाय की प्रमुख इसाबेल डियाज़ आयुसो ने कहा कि वह अपने शहर में खेलों से परिपूर्ण वर्ष की प्रतीक्षा कर रही हैं। उन्होंने कहा, 'मैड्रिड खेलों का हमेशा स्वागत करता रहा है क्योंकि यह उन साझा मूल्यों का प्रतिनिधित्व करता है, जिससे हम सभी को लाभ होता है।' मैड्रिड के मेयर जोस लुइस मार्टिनेज अल्मेडा ने कहा, 'मैड्रिड को गर्व है कि 'लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवाड्‌र्स' एक बार फिर यहां आयोजित किए जा रहे हैं।

# प्रज्ञानानंदा नहीं खोल पाए खाता गुकेश ने फिर खेला ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| विज्क आन ज़ी

गत चैंपियन आर प्रज्ञाननंदा का टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन जारी रहा और वह दूसरे दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव से हार गए। विश्व चैंपियन गुकेश को एक और कड़े मुकाबले में नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फॉरेस्ट ने ड्रॉ पर रोक दिया। लगातार दूसरे ड्रॉ के साथ गुकेश का कुल अंक एक हो गया है। प्रज्ञाननंदा पहले दौर में हमवतन अर्जुन एरिगैसी से हार गए थे। इस तरह से वह टूर्नामेंट में अभी तक अपना खाता नहीं खोल पाए हैं और उन्हें अपना खिताब बचाने के लिए बाकी बचे 11 राउंड में शानदार प्रदर्शन करना होगा।



### एरिगैसी ने दूसरी बाजी खेली ड्रॉ

एरिगैसी ने चेक गणराज्य के थाई खिलाड़ी दाई वान गुयेन के खिलाफ अपनी दूसरी बाजी ड्रॉ खेली। वह वान गुयेन के रक्षण को भेदने में असफल रहे। हालांकि शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी 1.5 अंकों के साथ अमेरिका के हैंस मोके नीमन और अब्दुसत्तोरोव के साथ शीर्ष पर बना हुआ है।

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड**
CIN – U40108CT2003SGC015820 GST No. 22AADCC5773E1ZX (छ.ग. शासन का एक उपक्रम)
कार्यालयः–कार्यपालन यंत्री (संचार एवं टेलीमीटरी) संभाग छ.स्टे.पॉ.ट्रां.कं.लिमि.कोरबा
पता–क्वां न.–ओ.सी. 03,04 सीएसईबी कोरबा (पूर्व),जिला–कोरबा (छ.ग.) – 495677
वेबसाईट– www.cspc.co.in ईमेल–eecnt.korba@cspc.co.in, टेलीफोन / फैक्स–
क.11–58 / कार्य.यं. / संचार / व्हीकल / टेंडर / 573 कोरबा, दिनांक 01.01.2026
// निविदा आमंत्रण सूचना //
(SUV Category) अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध हेतु
कार्यपालन यंत्री (संचार एवं टेलीमीटरी) संभाग, छ.ग.स्टे.पॉ.ट्रां.कं. लिमि, कोरबा के लिए वाहन चालक सहित 01 नग (SUV Category) अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (2वर्ष) हेतु पंजीकृत / उपयुक्त ठेकेदारों से मुहरबंद आमंत्रित की जाती है ।

| निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि व समय | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | निविदाओं को खोलने की निर्धारित तिथि व समय |
|---|---|---|
| दिनांक 21.01.2026 समय 17:00 बजे तक | दिनांक 22.01.2026 समय 15:00 बजे तक | दिनांक 22.01.2026 समय 15:30 बजे तक |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http:// www.cspc.co.in से डाउनलोड की जा सकती है ।
(इंजि. श्रीमती अजय कंवर)
कार्यपालन यंत्री
(संचार एवं टेलीमीटरी) संभाग
छ.स्टे.पॉ.ट्रां.कं.लिमि.,कोरबा
स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाऐ

Divisa
अगर आप भी कब्ज, गैस, एसिडिटी जैसी परेशानियों से घिरे हुए है, तो आज ही लीजिए, आयुर्वेदिक पेट सफा ग्रेन्यूल्स। यह पहले दिन से असर दिखाता है, मुंह में चिपकता नहीं और इसकी आदत भी नहीं बनती।
मोर्निंग होगी मस्त क्योंकि पेट सफा है जबरदस्त
Safe for daily use | No Side Effect | No added Sugar
पेट सफा... तो हर रोग दफा
24x7 Helpline: 91197 88888 • www.petsaffa.com • Available at all medical and general stores
Dr. Juneja's पेट सफा
Natural Laxative Granules & Tablets

## कांच से भी ज्यादा क्लियर है इसका पानी

# ये है दुनिया की सबसे साफ झील, पैर पोंछकर घुसते हैं लोग



**वेलिंग्टन।** क्या आपने कभी सोचा है कि किसी झील का पानी कितना साफ हो सकता है? न्यूजीलैंड की रोटोमेयरव्हेनुआ झील (जिसे ब्लू लेक भी कहा जाता है) दुनिया का सबसे साफ़ झील है। यह झील ना सिर्फ दुनिया की सबसे साफ झील है, बल्कि वैज्ञानिकों ने इसे पृथ्वी पर अब तक रिकॉर्ड की गई सबसे पारदर्शी प्राकृतिक झील घोषित किया है। इस झील का पानी इतना क्लियर है कि 70 से 80 मीटर की गहराई तक तल साफ दिखाई देता है। यानी आप नीचे की चट्टानें, मछलियां और यहां तक कि छोटे-छोटे पत्थर भी देख सकते हैं, जैसे कोई कांच की परत हो! यह झील न्यूजीलैंड के साउथ आइलैंड पर नेल्सन लेक्स नेशनल पार्क के अंदर स्थित है।

### दुनिया की नजरों से दूर

ये झील चारों तरफ से ऊंचे-ऊंचे आल्पाइन जंगल, बर्फीली चोटियां और घने जंगल से घिरा है। यहां पहुंचने के लिए कोई सड़क या गाड़ी नहीं है। पर्यटकों को यहां तक आने के लिए ट्रैकिंग करनी पड़ती है, जो लगभग 6-8 घंटे का कठिन ट्रेक है। इसमें पहाड़ चढ़ना, जंगल पार करना और प्रकृति का पूरा सम्मान करना शामिल है। यह झील बहुत दूरस्थ और संरक्षित है, जिसकी वजह से इसका पर्यावरण बिल्कुल प्राकृतिक और अछूता बना हुआ है। झील को माओरी जनजाति नगाती आपा की ते रा तो'बहुत पवित्र मानती है। उनके अनुसार, इस झील का पानी आध्यात्मिक शुद्धिकरण का प्रतीक है। इसलिए यहां आने वाले हर व्यक्ति से अनुरोध किया जाता है कि वे अपने जूते या बूट अच्छी तरह पोंछ लें या साफ कर लें। जूते पर लगी थोड़ी सी भी मिट्टी, धूल या बैक्टीरिया झील की पवित्रता को भंग कर सकती है।



### कांच सा ट्रांसपेरेंट

यहां आने वाले पर्यटक बोर्ड पर लिखे नियमों का पालन करते हुए जूते पोंछते हैं और फिर ही झील के किनारे पहुंचते हैं। वैज्ञानिकों ने कई बार इस झील की जांच की है। 2011 में नीदरलैंड के वैज्ञानिकों ने यहां पानी की पारदर्शिता मापी और पाया कि विजिबिलिटी 76 मीटर तक है, जो पहले के रिकॉर्ड (क्रोएशिया की प्लिटविस झीलों की 60 मीटर) से ज्यादा है। बाद में और टेस्ट में 80 मीटर तक रिकॉर्ड दर्ज किया गया। यह पारदर्शिता इसलिए संभव है, क्योंकि झील में पानी मुख्य रूप से भूमिगत चट्टानों से आता है। ये चट्टानें प्राकृतिक फिल्टर की तरह काम करती हैं, जो पानी के रास्ते में ही सारी पार्टिकल्स, गंदगी और जैविक पदार्थ छान लेती है। झील में कोई बड़ा इनफ्लो नहीं है, इसलिए कोई गंदगी नहीं पहुंच पाती है। झील का नाम रोटोमेयरव्हेनुआ माओरी भाषा से आया है, जिसका मतलब है 'भूमि की झील'।

## रोचक खबरें



## सिर्फ एक रात में लिखी गई ये शैतानी किताब

**लंदन।** दुनिया की सबसे रहस्यमय किताबों में कोडेक्स गिगास का नाम सबसे ऊपर आता है। इसे डेविल्स बाइबिल भी कहा जाता है। ये किताब 13वीं सदी में बनाई गई थी और अपने विशाल आकार की वजह से पूरी दुनिया में मशहूर है। करीब 90 सेंटीमीटर लंबी और 75 किलो वजनी ये किताब 160 जानवरों की खाल से बने पन्नों पर लिखी गई है। इसमें पूरी बाइबिल के साथ मेडिकल साइंस इतिहास और जादुई मंत्रों तक का जिक्र मिलता है। कहानी के मुताबिक, एक बेनेडिक्टाइन भिक्षु ने अपने नियम तोड़ दिए थे और उसे जिंदा दीवार में चुनवाने की सजा मिलने वाली थी। खुद को बचाने के लिए उसने वादा किया कि, वो एक ही रात में मानव ज्ञान से भरी किताब लिख देगा। जब ये नामुमकिन लगा तो उसने शैतान को पुकारा और अपनी आत्मा के बदले मदद मांगी। माना जाता है कि उसी सौदे की याद में किताब में शैतान की पूरी पेज की तस्वीर बनाई गई। इतिहासकार मानते हैं कि इतनी बड़ी किताब को एक रात में लिखना असंभव है। रिसर्च के मुताबिक, अगर कोई इंसान दिन-रात लिखे तब भी इसे पूरा करने में कम से कम 20 से 25 साल लगते। हालांकि, पूरी किताब एक ही लिखावट में है जो इस रहस्य को और गहरा बना देती है। माना जाता है कि, इंसानों के मन में कौतूहल पैदा करती इस किताब को कागज के पन्नों पर नहीं, बल्कि चमड़े से बने पन्नों पर लिखा गया है।

## दोनों तरफ 600 मीटर गहरी खाई, बीच में पतली सड़क

**बीजिंग।** दुनियाभर में कई ऐसे खतरनाक रास्ते हैं, जिनसे होकर गुजरना मौत को दावत देने जैसा है। ऐसा ही एक खतरनाक रास्ता चीन के चोंगकिंग प्रांत में स्थित दाओबेइलियांग सड़क है। यहां गाड़ी चलाना किसी खौफनाक सपने से कम नहीं। 'चाकू की धार' जैसी इस सड़क के दोनों ओर सैकड़ों मीटर गहरी खाई है। इंजीनियरिंग की दुनिया में चीन अक्सर ऐसे कारनामे करता रहता है, जिन्हें देखकर पूरी दुनिया दांतों तले उंगलियां दबा लेती है। चाहे वो रातों-रात हॉस्पिटल की बिल्डिंग खड़ी करने की बात हो या फिर खतरनाक पहाड़ी पर चाकू की धार जैसी सड़क बनाने की. कई बार ऐसे हैरतअंगेज चीजों को देखकर लगता है कि यह सिर्फ चीन ही कर सकता है। आज हम आपको चीनी इंजीनियर्स की एक ऐसी ही मिसाल के बारे में बताने जा रहे हैं, जो चोंगकिंग प्रांत के शिजु में स्थित है। यहां का 'दाओबेइलियांग स्काई रोड चीनी इंजीनियरों के कारनामों का जीता-जागता उदाहरण है। दाओबेइलियांग का हिंदी में मतलब होता है 'चाकू की धार'। यह नाम इस सड़क के लिए बिल्कुल सटीक है, क्योंकि यह एक बेहद संकीर्ण पहाड़ की चोटी पर बनी है, जिसके दोनों तरफ लगभग 600 मीटर की सीधी और गहरी खाई है। यहां एक छोटी सी चूक का मतलब है सीधे मौत के मुंह में समा जाना। बता दें कि पहाड़ी रास्ते वैसे भी अपनी घुमावदार मोड़ों और कम दृश्यता के कारण ड्राइवरों के लिए चुनौतीपूर्ण होते हैं, लेकिन 'दाओबेइलियांग'स्काई रोड इन सबमें सबसे खतरनाक मानी जाती है। इस सड़क की कुल लंबाई लगभग 3 किलोमीटर है। इसकी औसत चौड़ाई मात्र 5.5 मीटर है, लेकिन कुछ हिस्से तो इतने संकरे हैं कि उनकी चौड़ाई 3 मीटर से भी कम रह जाती है।



# प्यासी मरने वाली है दुनिया? खतरे में 75 करोड़ लोग

**वॉशिंगटन।** नई वैज्ञानिक रिसर्च में सामने आया है कि दुनिया के कई हिस्सों में पीने का पानी खत्म होने का खतरा अब लगातार बढ़ रहा है। वैज्ञानिक इसे डे जीरो ड्रॉट कह रहे हैं। वह दिन जब शहरों के नल इसलिए बंद हो जाएंगे क्योंकि जलाशयों में पानी ही नहीं बचेगा. यह हालात कई जगहों पर 2020 से 2030 के बीच ही बन सकते हैं। ऐसा सोचें की अगर एक दिन आपके शहर में नल से पानी आना अचानक बंद हो जाए तो वजह कोई खराब पाइप नहीं होगी। सूख चुके जलाशय होंगे। यह चौंकाने वाला होगा. वैज्ञानिकों का कहना है कि ऐसा दिन अब दूर नहीं है। एक स्टडी के मुताबिक डे जीरो ड्रॉट की स्थिति कई इलाकों में सामने आ सकती है।

### क्या होता है डे जीरो ड्रॉट

वैज्ञानिकों के मुताबिक डे जीरो ड्रॉट तब होता है, जब कई साल तक सूखा पड़ता है। तापमान बढ़ता है, नदियों में पानी बहुत कम हो जाता है। दूसरी तरफ पानी की मांग लगातार बढ़ती रहती है। जब इन सबका असर एक साथ पड़ता है और बड़े-बड़े जलाशय खाली होने लगते हैं। तब हालात बेहद गंभीर हो जाते हैं। बता दें कि रिसर्च में कई क्लाइमेट मॉडल का इस्तेमाल किया गया है। इनमें पाया गया कि अगर ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन ऐसे ही चलता रहा तो साल 2100 तक सूखे से प्रभावित करीब तीन-चौथाई इलाकों में ऐसा जल संकट आ सकता है, जैसा पहले कभी नहीं देखा गया होगा।

## वैज्ञानिकों ने की शून्य दिवस सूखा की भविष्यवाणी



### केप टाउन से मिली थी पहली चेतावनी

साल 2018 में दक्षिण अफ्रीका का केप टाउन शहर कुछ महीनों के लिए नलों का पानी बंद करने के बेहद करीब पहुंच गया था। तीन साल तक कम बारिश होने से वहां के जलाशय लगभग सूख गए थे। भारत का चेन्नई और अमेरिका का लॉस एंजिलिस भी ऐसे हालात झेल चुके हैं। यहां पर लोगों को पानी बचाने के लिए सख्त पाबंदियों का सामना करना पड़ा था।

### शहरों पर ज्यादा मार


जब पहली बार डे जीरो ड्रॉट जैसी स्थिति आएगी तब करीब 75 करोड़ लोग इसकी चपेट में आ सकते हैं। इनमें से लगभग 46 करोड़ लोग शहरों में रहने वाले होंगे। भूमध्यसागर वाला इलाका सबसे ज्यादा खतरे में है। जहां करोड़ों शहरी और ग्रामीण लोग पानी की कमी झेल सकते हैं। हालांकि, अफ्रीका और एशिया के कुछ ग्रामीण इलाकों में किसानों पर इसका असर पहले दिख सकता है।

### तापमान बढ़ना बड़ा कारण

वैज्ञानिकों का कहना है कि डे जीरो ड्रॉट का सीधा संबंध ग्लोबल वार्मिंग से है। रिसर्च में पाया गया कि 60 फीसदी से ज्यादा इलाकों में यह संकट तब सामने आता है जब धरती का तापमान औद्योगिक दौर से 1 से 2.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा हो जाता है। 1.5 डिग्री पर ही करोड़ों लोग पानी के बड़े संकट का सामना कर सकते हैं।

### क्या करना जरूरी है?

वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर अभी भी उत्सर्जन कम किया जाए तो लंबे समय के खतरे को घटाया जा सकता है। इसके साथ ही पानी के बेहतर इस्तेमाल बारिश का पानी जमा करने, गंदे पानी को दोबारा इस्तेमाल करने और जलाशयों का सही प्रबंधन करने की जरूरत है।



### कहां सबसे ज्यादा खतरा

स्टडी के मुताबिक सदी के अंत तक भूमध्यसागर के आसपास के इलाके, दक्षिणी अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका के कुछ हिस्से, भारत, उत्तरी चीन और दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया में पानी की भारी किल्लत बनी रह सकती है। कई जगहों पर 2030 के तक ही डे जीरो जैसी स्थिति शुरू हो सकती है। ऐसा अनुमान है कि दुनिया के करीब 14 फीसदी बड़े जलाशय अपने सबसे खराब दौर में लगभग खाली होने की कगार पर पहुंच सकते हैं। ऐसे में पीने का पानी, खेती, बिजली और उद्योग सब पर असर पड़ने वाला है।

# चीन अकेला ढूंढ़ेगा मंगल पर जीवन, अमेरिका ने डाले हथियार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा का मार्स सैंपल रिटर्न प्रोग्राम कैंसिल कर दिया गया है। इसका मतलब है कि नासा मंगल ग्रह पर जीवन के सबूत ढूंढ़ने पर आगे नहीं बढ़ेगा। इन सबूतों को इकट्ठा करने के लिए नासा के पास बजट नहीं है। इससे नासा के पर्सेवरेंस रोवर के उन सैंपल्स को इकट्ठा करने की कोशिशें खत्म हो गई हैं, जिनमें मंगल पर एलियन जीवन के सबूत हो सकते थे। अमेरिकी एजेंसी के इस दौड़ से हटने के बाद मंगल पर जीवन ढूंढ़ने के मिशन में चीन अकेला रह गया है। अमेरिकी सीनेट ने हाल ही में एक नए खर्च बिल को मंजूरी दी है। यह बिल उनके लिए झटका है, जो पर्सेवरेंस के 30 भूवैज्ञानिक नमूनों की जांच करने की उम्मीद कर रहे थे। इसमें वह नमूना भी शामिल है, जिसे नासा ने मंगल ग्रह पर अब तक मिला जीवन का सबसे स्पष्ट संकेत माना था। अब इन नमूनों के 2040 तक पृथ्वी पर आने की उम्मीद नहीं है।

**नासा का मार्स सैंपल रिटर्न**



### नासा ने बदली रणनीति

नासा ने प्रोग्राम में एक बड़े बदलाव के तहत कहा है कि वह नमूनों को लाने के लिए दो अलग-अलग रणनीतियों पर काम करेगा। इसमें एक आजमाया हुआ लैंडिंग सिस्टम होगा, जिसमें रॉकेट से चलने वाली स्काई क्रेन का इस्तेमाल किया जाएगा। इसकी कुल अनुमानित लागत 6.6 से 7.7 अरब डॉलर के बीच होगी। नासा ने 2026 में इस पर फैसला करने की योजना बनाई थी। द प्लैनेटरी सोसाइटी का कहना है कि 110 मिलियन डॉलर का आवंटन सैंपल रिटर्न के भविष्य के लिए उम्मीद जगाता है। हालांकि इससे इनकार नहीं किया जा सकता है कि अमेरिका अब लाल ग्रह पर जीवन की तलाश में दिलचस्पी छोड़ रहा है।

### चीन के लिए मंगल पर मौका!

अमेरिका मंगल ग्रह से सैंपल वापस लाने का सपना छोड़ देता है तो चीन के लिए कोई वहां मुकाबला नहीं बचेगा। चीन का तियानवेन-3 सैंपल रिटर्न मिशन उस जगह की तुलना में आसानी से पहुंचने वाली और कम संभावना वाली जगह से सैंपल इकट्ठा करने का लक्ष्य रखता है। जहां जीवन के संभावित संकेतों की तलाश की जा रही है। तियानवेन-3 मिशन 2028 में लॉन्च होने और 2031 में चट्टानें वापस लाने के लिए शेड्यूल किया गया है। सैंपल रिटर्न को एक रेस की तरह मान लिया जाए तो चीन अब इसे अकेले दौड़कर जीत सकता है। यह अंतरिक्ष में चीन के लिए अमेरिका पर एक बड़ी जीत की तरह होगा। हालांकि इस पर अभी कोई फाइनल बात कहना जल्दीबाजी होगी।

# न दुकानदार, न कैमरा, न पहरा...सिर्फ भरोसे पर चल रही है केरल की ये दुकान

**तिरुवनंतपुरम। केरल** के पय्यानूर त्रिकारिपुर बायपास रोड पर थालिचलम ब्रिज के पास एक छोटी सी दुकान है, जो आजकल चर्चा में है। इस दुकान को शुरू किया है थालिचलम के रहने वाले मुंडकुंडिल सुलैमान ने। विदेश में काम करने के बाद जब वह घर लौटे, तो उन्होंने लोगों पर भरोसा करते हुए ये दुकान खोली।

### क्या-क्या मिलता है यहां

इस दुकान में यात्रियों और आसपास के लोगों के काम की चीजें मिलती हैं। नमकीन, मिठाई, मठा यानी छाछ और कुछ स्टेशनरी आइटम। हर सामान पर दाम साफ साफ लिखा है। कोई काउंटर नहीं, कोई कैशियर नहीं। जो चाहिए उठाओ और आगे बढ़ जाओ।



### पैसे देने का अनोखा तरीका

पैसे देने के लिए दुकान में एक छोटा सा बॉक्स रखा है, जिसमें लोग नकद डाल देते हैं। डिजिटल पेमेंट के लिए गूगल पे का क्यूआर कोड भी लगा है। खास बात ये है कि अगर किसी के पास पैसे न हों, तो वह छोटा मोटा सामान उधार भी ले सकता है। सब कुछ भरोसे पर।

### न कैमरा न गार्ड, फिर भी चोरी नहीं

दुकान में न सीसीटीवी है, न कोई गार्ड. फिर भी चोरी की घटनाएं ना के बराबर हैं। सुलैमान सुबह आकर सामान भरते हैं और रात को बस एक बार देखने आते हैं। रोज की कमाई करीब 500 से 1000 रुपए रहती है। आज जब हर जगह शक और निगरानी है, ऐसी दुकान उम्मीद जगाती है। ये दिखाती है कि भरोसा अभी खत्म नहीं हुआ है।

# दुनिया का सबसे बड़ा समुद्री सांप, शार्क का करता था शिकार

**लंदन।** दुनियाभर में वैज्ञानिक समय-समय पर नई-नई खोजे करते हैं। इनमें कई ऐसी खोजें होती हैं, जिन्हें देखकर वैज्ञानिक भी हैरान हो जाते हैं। अब इस बीच उन्होंने एक ऐसी खोज की है, जिसने पूरी दुनिया को चौंका दिया है। दरअसल, वैज्ञानिकों ने विशाल सांप की खोज की है। यह अब तक सबसे बड़ा समुद्री सांप माना जा रहा है। यह सांप धरती पर इंसानों के आने से लाखों साल पहले था।



इसको आकार को देखकर वैज्ञानिक भी हैरान हैं। शोधकर्ताओं ने बताया कि यह प्रजाति न सिर्फ बड़ी थी, बल्कि शार्क जैसे बड़े शिकारियों का भी शिकार करती होगी। वैज्ञानिकों ने कहा कि सांप की यह प्रजाति 5.6 करोड़ से 3.4 करोड़ साल पहले रहती थी। वैज्ञानिकों ने इसे लेकर शोध किया है, बताया गया है कि इओसीन युग के दौरान महासागरों में रहने वाला पैलियोफिस कोलोसियस सांप उस दौरान समुद्री इकोसिस्टम में पहले पायदान पर था। सबसे ज्यादा हैरानी करने वाली बात सांप की लंबाई है। वर्तमान समय में समुद्री सांप 2-3 मीटर से ज्यादा लंबे नहीं होते हैं।

### सांप की रीढ़ की हड्डियों ने खोला राज

वैज्ञानिकों ने इस सांप की सिर्फ रीढ़ की हड्डियां खोजी हैं, जो असामान्य रूप से बड़ी हैं। साल 2018 में किए गए एक अध्ययन में बताया गया है कि इस सांप की रीढ़ की हड्डियां किसी भी ज्ञात आधुनिक सांप प्रजाति (समुद्री या स्थलीय) की तुलना में काफी बड़ी हैं। शोधकर्ताओं ने बताया है कि सांप के जीवाश्म डेटा से जानकारी मिली है कि पुराने महासागरों में जो जीव रहते थे।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
■ कमर
■ जांघ,
■ आर्म
■ वक्ष स्थल
■ शरीर के अन्य हिस्सों का लेजर द्वारा लाइपोसक्शन
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

सुयश हॉस्पिटल
1 दिसंबर से 28 फरवरी तक
निसंतान दंपतियों के लिए
नि:शुल्क परामर्श
प्रथम 15 पंजीयन में IVF/ICSI पैकेज में 20% की छूट
93000 30000
97551 62611
FOLLOW US ON
क्लीनिकल टेस्ट में 20% की छूट
कोटा–गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH
पेट एवं लीवर रोग विभाग
• दर्दरहित इण्डोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, इण्डोस्कोपिक-सोनोग्राफी एवं ई.आर.सी.पी. का एडवांस सेंटर
• गैस, कब्जियत, पेट दर्द, उल्टी, ज्वाइंडिस (पीलिया), एनीमिया
• लीवर एवं एल्कोहल जनित रोगों हेतु ICU सुविधा (प्लास्मा फेरेसिस सुविधा के साथ)
• पैनक्रियाटायटिस एवं इन्फ्लामेट्री बोवेल डिसीज का उच्च स्तरीय उपचार
• पैनक्रियास, लीवर, पेट, आंत एवं गॉल ब्लेडर आदि के कैंसर की एडवांस सुविधा
आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कोरपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ. भाविक शाह
Dr. NB (Gastro), MRCP-SCE, UK (Gastro), MNAMS
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com